दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

बचपन से ही साहसी थे सरदार पटेल.....

बिट्टू और बाबा जी.....

वर्ष : 09 | अंक : 321 | लखनऊ, 28 अक्टूबर , शनिवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

निफ्टी 19,310.15

संक्षिप्त समाचार

उपराष्ट्रपति ने केदारनाथ के दर्शन किए

नई दिल्ली, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ शुक्रवार को भगवान केदारनाथ के दर्शन किए और पूजा–अर्चना की। इससे पहले, धनखड़ भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से केदारनाथपुरी के वीआईपी हेलीपैड पर उतरे जहां उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी अगवानी की तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। हैलीपैड से उतरने के बाद धनखड़ ने केदार घाटी के बारे में जानकारी ली। कुछ देर विश्राम करने के बाद वह केदारनाथ मंदिर गए और वहां भगवान शिव का रूद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की तथा देश की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। उपराष्ट्रपति बदरीनाथ के दर्शन के लिए भी जाएंगे। उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर धनखड़ बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे थे। उन्होंने बृहस्पतिवार को गंगोत्री धाम के दर्शन किए थे।

आम आदमी पार्टी ने 23 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को 23 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की। राजस्थान विधानसभा की 200 सीट के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची यहां है। सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं। डॉ. हरीश रहेजा को गंगानगर विधानसभा क्षेत्र से टिकट मिला है, जबकि राजेंद्र मावर पिलानी से और देवेंद्र कटारा डूंगरपुर से चुनाव लड़ेंगे। आप ने घोषणा की थी कि पार्टी तीन राज्यों - राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

पुलिस हिरासत से भागे विचाराधीन कैदी को तीन घंटे के अंदर पकड़ा गया

नई दिल्ली, ग्रेटर नोएडा की एक अदालत में पेशी के लिए लाया गया एक विचाराधीन कैदी बृहस्पतिवार को पुलिस हिरासत से भाग गया, लेकिन उसे तीन घंटे के भीतर पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी रवि शर्मा 2021 से यहां लुक्सर जेल में बंद है। उसे पूर्वाह्न लगभग साढ़े 11 बजे सूरजपुर की अदालत में लाया गया। एक अधिकारी ने कहा, नियमों के अनुसार, आरोपी को हथकड़ी नहीं लगाई गई थी और वह खचाखच भरे अदालत कक्ष के अंदर कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय पुलिस हिरासत से भाग गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि घटना के तुरंत बाद, शर्मा को पकड़ने के लिए पुलिस के कई दल गठित किए गए। प्रवक्ता ने बताया कि बाद में उसके यहां सेक्टर 9 में एक बाजार में होने का पता चला और तीन घंटे के भीतर उसे हिरासत में ले लिया गया।

योगी सरकार ने बनाया सेफ सिटी पोर्टल और ऐप, महिलाओं, बच्चों के मिलेगी सुरक्षा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार सेफ सिटी परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार विभिन्न कदम उठा रही है। इसी के तहत महिलाओं के साथ बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजन के लिए सेफ सिटी ऐप विकसित किया गया है। इसके साथ ही सेफ सिटी पोर्टल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेज, लोगो और स्लोगन तैयार किया गया है। जल्द ही इन सभी को लांच किया जाएगा।

सुरक्षित शहर हर प्रहर स्लोगन से गूंजेंगे 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सेफ सिटी ऐप में सरकारी योजनाओं का विवरण और विभिन्न विभाग के लिंक को फीड किया जा रहा है। इसके अलावा ऐप में निकटतम पुलिस बूथ और टॉयलेट की जानकारी भी फीड की जा रही है ताकि किसी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए उन्हें भटकना न पड़े। सेफ सिटी ऐप नगर विकास विभाग की ओर से विकसित किया गया है जबकि फीडिंग का काम चल रहा है। वहीं, यूपी सेफ सिटी लोगो को भी तैयार कर लिया गया है। यूपी सेफ सिटी का लोगो सुरक्षित शहर व सेफ सिटी है, जिसे 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के प्रसिद्ध स्मारकों एवं स्थानों पर लगाया जा रहा है। इसी तरह, नगर विकास विभाग ने क्राऊड सोर्सिंग के माध्यम से यूपी सेफ सिटी के स्लोगन के सैकड़ों सुझाव प्राप्त किए हैं। इनमें से पांच विकल्पों को सम्पन्न समीक्षा गोष्ठी में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रस्तुत विकल्पों में से सुरक्षित शहर हर प्रहर स्लोगन का चयन किया गया है। इसे अनुमोदन के लिए शासन को भेजा गया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर क्रिएट किया गया सेफ सिटी यूपी पेज

सेफ सिटी परियोजना के तहत महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी स्कीम की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सेफ सिटी पोर्टल को विकसित किया गया है। इसे विभिन्न सरकारी विभागों से जोड़ने का काम चल रहा है। पोर्टल को यूपीडेस्को के माध्यम से विकसित किया गया है। इसमें विभिन्न विभागों समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को लिंक किए जाने की कार्यवाही चल रही है। इसके अलावा, आमजन में जागरूकता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सेफ सिटी यूपी पेज को क्रिएट किया गया है। इसके साथ ही एफएम जिंगल्स, कम्युनिटी रेडियो आदि माध्यम से जागरूकता फैलाना, डायरेक्ट-इनडायरेक्ट मार्केटिंग के साथ संवेदीकरण कार्यक्रम, प्रभावशाली व्यक्तियों की सुरक्षा एवं अधिकारिता को फोकस करते हुए विज्ञापन जारी किए जाएंगे। इसके लिए महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की ओर से 6 माह का कार्यक्रम तैयार कर सूचना विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है।

गाजा में 3,000 मासूम बच्चों की हत्या हुई, इंसानियत कब जागेगी : प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गाजा में इजराइल की बमबारी में बच्चों समेत हजारों नागरिकों के मारे जाने पर दुख जताते हुए शुक्रवार को कहा कि हर अंतरराष्ट्रीय कानून कुचला गया है। उन्होंने यह सवाल भी किया कि आखिर इंसानियत कब जागेगी?

प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, गाजा में 7,000 मनुष्यों की हत्या के बाद भी रक्तपात और हिंसा का दौर थमा नहीं। इन 7,000 लोगों में से 3,000 मासूम बच्चे थे। उन्होंने दावा किया, कोई ऐसा अंतरराष्ट्रीय कानून नहीं, जिसे कुचला न गया हो। कोई ऐसी मयार्दा नहीं, जिसे तार-तार न किया गया हो। कोई ऐसा कायदा नहीं, जिसकी धज्जियां न उड़ी हों। उन्होंने सवाल किया, इंसानियत कब जागेगी? कितनी जानों के जाने के बाद। कितने बच्चों की बलि के बाद। क्या मनुष्य होने की चेतना बची है? क्या वह कभी थी भी? गाजा पट्टी पर पिछले कई दिनों से इजराइल की ओर से किए जा रहे हवाई हमलों में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के हमले में अपने सैकड़ों नागरिकों के मारे जाने के बाद इजराइल ने गाजा पट्टी पर हवाई हमले शुरू किए।

ईडी के किसी भी सवाल का जवाब देने को तैयार हैं : डोटासरा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है और वह भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र कथित रूप से लीक होने से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के किसी भी सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं। ईडी ने उनके परिसरों पर आज छापेमारी की। डोटासरा ने सीकर में अपने आवास के बाहर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए समर्थकों को संबोधित किया जिन्होंने उनके साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए नारे लगाए। उन्होंने कहा सत्यमेव जयते (सच्चाई की ही जीत होती है)। जयपुर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छापेमारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के साथ-साथ कुछ विधायक और अन्य नेता डोटासरा के सीकर स्थित आवास पहुंचे। डोटासरा ने अपने घर के बाहर मौजूद लोगों से कहा, वे (ईडी की टीम) अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं और हमें कोई समस्या नहीं है। वे हमसे अपनी तलाशी के बारे में जानकारी मांग रहे हैं और हम उन्हें ईमानदारी से विवरण दे रहे हैं। घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार होने वाला है, जगद्गुरु के योगदान को सराहा : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने इसके निर्माण में हिंदू आध्यात्मिक धर्मगुरु जगद्गुरु रामभद्राचार्य के योगदान की सराहना की। मध्य प्रदेश के चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तुलसी पीठ में एक सार्वजनिक समारोह में बोलते हुए मोदी ने देश में संस्कृत को मजबूत करने के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा, संस्कृत न केवल परंपराओं की है, बल्कि यह हमारी प्रगति और पहचान की भी है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा दिए गए आमंत्रण का उल्लेख करते हुए कहा, ह्लजिस राम मंदिर के लिए आपने (जगद्गुरु रामभद्राचार्य) अदालत के अंदर और बाहर इतना योगदान दिया है, वह भी तैयार होने जा रहा है ह्ल स्वामी जी के राष्ट्रवादी और सामाजिक पहलुओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने नौ प्रमुख राजदूतों में से एक के रूप में स्वच्छ भारत अभियान में उनके सक्रिय योगदान को याद किया।

मोदी ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य के विशाल ज्ञान और योगदान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, बुद्धिमत्ता का यह स्तर कभी व्यक्तिगत नहीं होता, यह बुद्धिमत्ता राष्ट्रीय निधि है। इस अवसर पर उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा लिखित तीन पुस्तकों - अष्टाध्यायी भाष्य , रामानंदाचार्य चरितम और भगवान श्री कृष्ण की राष्ट्रलीला का विमोचन किया। मोदी ने कहा कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वच्छ गंगा जैसे राष्ट्रीय लक्ष्य अब साकार हो रहे हैं। हजारों साल पुराने गुलामी के दौर में भारत की संस्कृति और विरासत को नष्ट करने के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने संस्कृत से अलगाव का जिक्र किया। उन्होंने उस गुलामी की मानसिकता की ओर इशारा किया, जिसे कुछ व्यक्तियों द्वारा आगे बढ़ाया गया, जिसके परिणामस्वरूप संस्कृत के प्रति वैर-भाव पैदा हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने उस मानसिकता पर अफसोस जताया।

राशन घोटाला : पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को 10 दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को कथित राशन वितरण घोटाला मामले में गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को 10 दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया गया। मलिक को कथित राशन वितरण घोटाले की जांच के संबंध में ईडी ने शुक्रवार तड़के यहां साल्ट लेक स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। मलिक के पास वन विभाग की जिम्मेदारी है। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तन्मय कर्मकार ने मंत्री की हिरासत के लिए ईडी की अर्जी स्वीकार कर ली और उन्हें पांच नवंबर तक 10 दिन के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। मंत्री की जमानत याचिका खारिज करते हुए अदालत ने निर्देश दिया कि मलिक को छह नवंबर को फिर से अदालत में पेश किया जाए।

मंत्री अदालत कक्ष में अस्वस्थ हो गए, इसलिए अदालत ने उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में इलाज की अनुमति दी, जिसके बाद उन्हें पूर्वी मेट्रोपॉलिटन बाईपास स्थित एक अस्पताल में ले जाया गया। अदालत ने निर्देश दिया कि यदि मलिक को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता है, तो भर्ती की अवधि को उसके द्वारा दी गई ईडी हिरासत की अवधि से बाहर रखा जाएगा। मलिक ने 2011 से 2021 तक खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया था। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि आरोपी के ह्यठीकह्ल महसूस करने के बाद मामले के जांच अधिकारी उन्हें आगे के इलाज के लिए यहां कमांड अस्पताल में स्थानांतरित कर सकते हैं। कमांड हॉस्पिटल के कमांडेंट को मलिक के इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड तैयार करने का निर्देश दिया गया।

आरएलपी ने चंद्रशेखर आजाद की पार्टी के साथ गठबंधन की घोषणा की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नागौर से सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार रात को चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व वाली आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ गठबंधन की घोषणा की। यह घोषणा बेनीवाल के आवास पर एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की गई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों दल एकजुट होकर एक परिवार की तरह चुनाव लड़ेंगे। बेनीवाल ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर निशाना साधा और कहा कि आरएलपी और आजाद समाज पार्टी का गठबंधन भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ वोट हासिल करेगा। उन्होंने कहा, संयुक्त प्रयास से कई निर्वाचन क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। आरएलपी के पास फिलहाल तीन विधायक और एक सांसद है। आजाद ने कहा कि आरएलपी के साथ सीट बंटवारे पर कोई टकराव नहीं है। बेनीवाल ने कहा कि प्रत्याशियों की पहली सूची जल्द जारी की जायेगी।

तेलंगाना का विकास भाजपा ही कर सकती है : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह आज चुनावी राज्य तेलंगाना के दौरे पर हैं। सूर्यापेट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य का विकास सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि मैं आज तेलंगाना की जनता को बताने आया हूं कि तेलंगाना का भला न ही ळफर कर सकती है, न ही कांग्रेस कर सकती है, तेलंगाना को संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम केवल और केवल, भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में भाजपा के खिलाफ लड़ने वाली दोनों पार्टियों का लक्ष्य तेलंगाना की जनता का भला करना नहीं है, KCR, KTR को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी, राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। ये दोनों परिवारवादी पार्टियां हैं। ये तेलंगाना का भला नहीं कर सकती।

गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य गरीब कल्याण है और डउफ व कांग्रेस का लक्ष्य परिवार कल्याण है। उन्होंने कहा कि परिवार कल्याण में विश्वास रखने वाली पार्टियां तेलंगाना को आगे नहीं बढ़ा सकती हैं। तेलंगाना को सिर्फ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही आगे बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि मैं आज तेलंगाना की जनता को कहना चाहता हूं, आप भाजपा को अपना आशीर्वाद दीजिए, भाजपा की सरकार बनाइए। भाजपा का अगला तेलंगाना का मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग से होगा। ये हमने तय किया है। उन्होंने दावा किया कि टीआरएस गरीब विरोधी, दलित विरोधी और ओबीसी विरोधी है। केसीआर पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने वादा किया कि वे एक दलित सीएम बनाएंगे। मैं केसीआर से पूछना चाहता हूं कि उनके वादे का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि 2014 में केसीआर ने दलितों को तीन एकड़ जमीन देने का वादा किया था। हालाँकि, वह इसे पूरा करने में असमर्थ रहे। उन्होंने अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए 50,000 करोड़ रुपये के बजट का वादा किया। क्या आपने बजट आवंटित किया, केसीआर उन्होंने कहा कि मैं तेलंगाना के लोगों से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे हमें आशीर्वाद दें और राज्य में सरकार बनाने में हमारी मदद करें। हमने तय किया है कि तेलंगाना का अगला सीएम पिछड़े वर्ग से होगा।

भारत को पूर्ण रूप से अपनी समुद्री उपस्थिति के लिए चुनौतियों से पार पाना जरूरी: मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत को समुद्री क्षमता का पूर्ण दोहन करने से पहले देश के बंदरगाहों की ढांचागत और परिचालनगत चुनौतियों को दूर करने सहित कई चुनौतियों से पार पाने की जरूरत है। मुर्मू ने कहा कि समुद्र पार करने के बारे में रूढ़िवादी सोच और आशंकाएं हमें महंगी पड़ीं, लेकिन अंततः भारत 200 वर्षों के औपनिवेशिक शासन के चंगुल से बाहर आया। उन्होंने कहा कि यह महाद्वीपीय विकास पर अधिक केंद्रित हो गया और यह भूल गया कि महाद्वीपीय विकास और नौवहन विकास परस्पर पूरक हैं। भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (आईएमयू), चेन्नई के आठवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, निसंदेह, हमारे पास पूरी तरह से एक मजबूत समुद्री उपस्थिति स्थापित करने के लिए आर्थिक और औद्योगिक संसाधनों की भी कमी थी।

उन्होंने कहा कि देश इस क्षेत्र की संभावनाओं का पूरी तरह से लाभ उठा पाए, उससे पहले भारत को कई चुनौतियों से पार पाना होगा। मुर्मू ने कहा, उदाहरण के लिए गहराई संबंधी प्रतिबंधों के कारण कई मालवाहक जहाजों को पास के विदेशी बंदरगाहों की ओर मोड़ दिया जाता है। व्यापारिक और नागरिक जहाज निर्माण उद्योग में हमें दक्षता, प्रभावशीलता और प्रतिस्पर्धा के उच्चतम मानकों का लक्ष्य रखना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय बंदरगाहों की परिचालन दक्षता और (जहाजों के) लौटने के समय के वैश्विक औसत मानक से मेल खाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जब वार्षिक पोर्ट कॉल की बात आती है तो देश शीर्ष 20 देशों में शामिल नहीं होता। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के 50 सर्वश्रेष्ठ कंटेनर बंदरगाहों की सूची में भारत के केवल दो ही बंदरगाह हैं। पोर्ट कॉल किसी जहाज के कार्गो परिचालन या सामान या ईंधन परिवहन के लिए निर्धारित यात्रा के दौरान बीच में रुकने को कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय बंदरगाहों को अगले स्तर पर पहुंचने से पहले निश्चित रूप से बुनियादी ढांचा एवं संचालनगत चुनौतियों से निपटना होगा। उन्होंने कहा, हमारे मछली पकड़ने के अधिकतर जहाज अब भी मशीनीकृत किए जाने बाकी हैं। इस संदर्भ में बंदरगाह विकास से बंदरगाह आधारित विकास की दिशा में सागरमाला कार्यक्रम उल्लेखनीय कदम है। उन्होंने कहा कि सागरमाला द्वारा परिकल्पित बंदरगाह-आधारित विकास के पांच स्तंभों में बंदरगाह आधुनिकीकरण, बंदरगाह कनेक्टिविटी, बंदरगाह-आधारित औद्योगीकरण, तटीय सामुदायिक विकास और तटीय शिपिंग या अंतर्देशीय जल परिवहन शामिल हैं।

संक्षेप

रेलवे ट्रैक पर मिला शव क्षत विक्षित अवस्था मे बुजुर्ग का शव

अमन लेखनी समाचार।

काकोरी । काकोरी क्षेत्र के रहमान खेड़ा के पास रेलवे ट्रैक पर अज्ञात बुजुर्ग का शव क्षत विक्षित अवस्था मे मिला।स्थानीय लोगों की जानकारी पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतुभेज दिया । रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के पास बने रेलवे ट्रैक पर करीब 50 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का क्षत विक्षित शव मिला।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख़्त नही हो सकी। मृतक नीली शर्ट व सफेद रंग की पैंट पहने हुए था। थाना प्रभारी काकोरी प्रवीण कुमार सिंह के कथानुसार मृतक के पास से संडीला से लखनऊ जाने का रेलवे टिकट मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दिया गया है ।

विवाहिता ने ससुराल वालो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की कराई रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर की एक विवाहिता ने अपनी सास और ननंद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्नाव जिले के पुरवा थानान्तर्गत असेहरू गांव निवासी रेनू के मुताबिक उसकी शादी बीती 13 दिसंबर 2021 को सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी, बंधवा तालाब, सिपेट निवासी आशीष के साथ हुई थी। रेनू का कहना है कि उसकी सास नीलम और ननद कुमकुम उसे दहेज को लेकर आए दिन मारती पीटती है और घर से बिना कपड़ों के बाहर निकाल देती है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

करंट की चपेट में आने से टेन्ट कर्मचारी की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधान के घर आयोजित मुंडन संस्कार के कार्यक्रम में टेन्ट लगाते समय करंट की चपेट में आने से एक टेन्ट कर्मचारी की मौत हो गयी। वहां मौजूद साथियों ने आनन-फानन में मजदूर को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़ी संजर खां की प्रधान पुष्पा मौर्य के देवर अनिल मौर्य के बेटे के मुंडन संस्कार कार्यक्रम के उपलक्ष्य में शुक्रवार को दावत का प्रोग्राम था। जिसके लिए सुबह से ही तैयारियां चल रही थी। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब 6 बजे बिजली के पोल से कटिया मारते समय टेन्ट कर्मचारी माल निवासी रवि (25) करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। बिजली के करंट की चपेट में आने से रवि की मौत हो गयी।रवि अपने घर का इकलौता कमाने वाला था।उसी की कमाई से परिवार का भरण पोषण चलता था। उसका छोटा भाई विकलांग है। और उसके पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है।इस घटना ने मृतक के परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना इत्याफाकिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मृतक रवि – फाइल फोटो

अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार युवक पलटा, मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर एन किला मोहम्मदी के पास गुरुवार शाम स्कूटी सवार युवक सड़क पर बने सीवर टैंक के ढक्कन के चलते अनियंत्रित हो गया और सड़क पर ही पलट गया। इस दौरान उसके सिर पर काफी गहरी चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।शुक्रवार को कृष्णानगर पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आशियांना के न्यू गरौड़ा में पत्नी पिंकी के साथ रहने वाले 28 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर सूरज सिंह पुत्र स्व जयराज सिंह रोजाना की तरह गुरुवार को आशियांना के भदरुख स्थित अपने पुस्तैनी घर गए हुए थे। भदरुख में ही उसकी मां पूनम, भाई शक्ति ठाकुर, बॉबी और दादी रमा देवी रहती हैं। परिजनों के मुताबिक सूरज रोजना उनसे मिलने आता था। शुक्रवार शाम सवा सात बजे के लगभग वह भदरुख से स्कूटी से वापस न्यू गरौड़ा जा रहा था तभी सेक्टर एन किला मोहम्मदी के पास सीवर के ढ़क्कन के पास उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और वह पलट गया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

जिलाबदर अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे ,भेजा गया जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ. कृष्णा नगर पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार थाना क्षेत्र से एक जिलाबदर अपराधी को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट सह आयुक्त कानून एवं व्यवस्था द्वारा थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर मकान संख्या 566/59घ निवासी आशीष दीक्षित पुत्र अमरनाथ दीक्षित को दर्ज मुकदमो के आधार पर लखनऊ सीमा से जिलाबदर किया गया था इसके बावजूद अभियुक्त अपने घर में छुप कर रह रहा था जिसे मुखबिर की सूचना पर घर के ही निकट धोबी वाली से गुरूवार रात्रि समय गिरफ्तार किया गया है जिसके खिलाफ कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है

अज्ञात बुजुर्ग का मिला शव, नहीं हो सकी पहचाने

आलमबाग, कृष्णा नगर क्षेत्र के बाराविरवा में स्थित एलडीए द्वारा निर्मित मानसरोवर मार्केट में शुक्रवार सुबह एक 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव मृत अवस्था में देख हड़कंप मच गयो लोगो की सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने मृतक बुजुर्ग की पहचान आसपास के लोगो से कराया पर मृतक का शिनाख्त नहीं हो सको पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इंस्पेक्टर कृष्णा नगर विक्रम सिंह के मुताबिक मृतक बुजुर्ग ने अपने बदन पर सफेद रंग की चेकदार शर्ट एवं कमर में गेरुआ रंग का गम्छ्छा लपेटा हुआ है मृतक आसपास के होटल से मांग से खाना खाता था और बाजार प्रांगण में फुटपाथ आदि पर रात्रि बिताता था

भारतीय किसान यूनियन की बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज स्थित कालेवीर बाबा प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की युवा मंडल लखनऊ की बैठक आहूत की गई उपस्थित सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये शुक्रवार को मोहनलालगंज स्थित कालेवीर बाबा प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक युवा मंडल अध्यक्ष के के सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पदाधिकारी ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये जिसमें घरौनी में आ रही समस्याएं एवं छुट्टा जानवर प्रॉपर्टी डीलर द्वारा सरकारी जमीनों पर कब्जा एवं अवैध पट्टा निरस्त किये जाने आदि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें शिवकुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष , किशोरी लाल पटेल जिला अध्यक्ष ,विष्णु सिंह मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ, एवं पवन सिंह , मनोज कुमार यादव ,नीरज सिंह प्रधान , धर्मेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार ,रामसेवक रावत ,अंबरीश कुमार फौजी, रविंद्र सिंह, महेश प्रधान ,रामफल प्रधान , राम कुमार सिंह , योगेंद्र सिंह छोटू , सर्वेश वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निवार्चित हुए जेके सिंह

केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने निर्वाचित बार एसोसिएशन अध्यक्ष जेके सिंह को दी बधाई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच शुक्रवार को संपन्न हुआ। सुबह से दोपहर बाद तक मतदान चला। 122 मतदाताओं में से 121 ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर जसकरन सिंह और महासचिव पद पर राम भरोसे ने जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार यादव, किशोरी लाल हुए विजयी। कोषाध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुमार ने जीत हासिल की। चुनाव जीतने के साथ ही समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर बधाई दी। अध्यक्ष पद पर जसकरन सिंह को 75 मत प्रतिद्वंदी सम्राट सिंह को 46 जबकि महामंत्री रामभरोसे को 78 वोट प्राप्त कर निर्वाचित हुए।संयुक्त मंत्री प्रकाश चंद्र, रामशंकर, संतोष कुमार, वरिष्ठ कार्यकारिणी में अमीर चंद्र, गया प्रसाद, दौलत राम, राम प्रसाद, राजेश कुमार, श्री कृष्ण निर्विरोध निवार्चित हुए। कनिष्ठ कार्यकारिणी में शुभम तिवारी, असद अली, देवेंद्र सिंह, रमित कुमार, सर्वेश कुमार निर्वाचित हुए। विभिन्न पदों पर निर्वाचित हुए पदाधिकारी को एल्डर कमेटी द्वारा प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया गया। निवार्चित हुए पदाधिकारी का ढोल बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसकरन सिंह/जेके सिंह ने कहा कि अधिवक्ता कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहूंगा बार में अधिवक्ताओं को होने वाली परेशानियों को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मलिहाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष निर्वाचित होने पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने अधिवक्ता जेके सिंह को बधाई दी।इस अवसर पर मलिहाबाद बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्तागण सहित मलिहाबाद प्रधान संघ अध्यक्ष प्र. अखिलेश सिंह अंजू, ज्ञान ठाकुर, शैलेंद्र सिंह ने निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी।

भागवत कथा में लोगों ने काकोरी के बलिदानियों को किया याद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना में राम रोटी परिवार ने काकोरी काण्ड के शहीदों की स्मृति में भव्य कलश यात्रा के साथ ही प्रारंभ हुआ आठ दिवसीय भव्य भागवत कथा महोत्सव ।भगवताचार्य रामानुज संप्रदायचार्य प्रेममूर्ति पूज्य संत स्वामी लक्ष्मणदास जी महाराज ने आशियाना में भव्य कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी इस कलश यात्रा में सहभागिता की और हर तरफ जय श्री राधे की गूंज सुनाई पड़ी ।कलश यात्रा सेक्टर के आशियाना के कम्यूनिटी ग्राउंड सेंटर से शुरू होकर आशियाना और एलडीए कॉलोनी होते हुए वापस कथा स्थल पर संपन्न हुई ।कथा के अंत में राम रोटी परिवार द्वारा भक्तों को प्रसाद और भोजन भी करवाया गया । कथा में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद कमलेश सिंह राम रोटी परिवार से आशीष तिवारी , अंशुमान दुबे , अर्जुन यादव , रोहित सैनी आदित्य सिंह राठौर, मनीष सिंह विकास शुक्ला , केशव प्रसाद उपाध्याय सहित अन्य गण्य मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

मोहनलालगंज तहसीलदार आनन्द प्रोन्नति पाकर बने एसडीएम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहनलालगंज में तहसीलदार के पद पर तैनात आनन्द तिवारी गुरूवार को प्रोन्नति मिलने के उपजिलाधिकारी बन गयें ।तहसीलदार आनन्द तिवारी के एसडीएम पद पर प्रोन्नति की जानकारी तहसील में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को लगी तो सभी में खुशी की लहर दौड़ गयी ।सभी ने एसडीएम पद पर प्रोन्नत आनन्द तिवारी के आवास पहुंचकर मुंह मीठा कराकर उन्हे बंधाई दी ।एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य,बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला,महामंत्री रामलखन,पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तिवारी, महामंत्री अखिलेश द्विवेदी,वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र दीक्षित,जिला सहकारी बैंक के पूर्व डायरेक्टर अनिल त्रिपाठी समेत क्षेत्र के सम्मानित लोगो ने आनन्द तिवारी को एसडीएम पद पर प्रोन्नति की बंधाई दी।

अवैध गांजा संग तस्कर गिरफ्तार

आधा किलो अवैध गांजा बरामद

लखनऊ , आलमबाग पुलिस टीम ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से पुलिस को आधा किलो अवैध गांजा बरामद हुआ है बरामदगी आधार पर तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस की धारा में कार्यवाई कर जेल भेज दिया है आलमबाग कोतवाली कार्यवाहक अतिरिक्त प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि शुक्रवार थाना क्षेत्र के मवैया स्टेडियम की ओर जाने वाली रोड से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से पांच सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है पुलिस के पूछताछ में कैरियर ने अपना परिचय सनी कुमार पुत्र दीलिप कुमार निवासी मो0 गुलजार नगर थाना खाला बाजार जनपद लखनऊ के रूप में दिया है बरामदगी आधार पर कैरियर के खिलाफ एनडीपीएस की धारा में कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक जख्मी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज क्षेत्र के गनेश खेड़ा पुल के पास तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप डाक पार्सल वाहन ने बाइक सवार युवको को टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों युवक पिकअप के नीचे आ गए जिन्हें पुलिस की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने दोनो को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया पिता की तहरीर पर वाहन नंबर के आधार पर गाड़ी व अज्ञात ड्राइवर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।मोहनलालगंज क्षेत्र के दयालपुर के छबीले खेड़ा निवासी राकेश कुमार तिवारी ने पुलिस में तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को रामायण का पाठ करने के लिए बच्चों के साथ गोसाईगंज गया हुआ था वहीं बुधवार को सुबह घर वापस आते समय गनेश खेड़ा पुल के पास तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप वाहन यूपी 32 टी एन 2454 ने बाइक यूपी 32 डी डी 7984 में सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मेरे बेटे शुभम तिवारी वह प्रिंस तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया जहां उनकी हालत गंभीर है। इंस्पेक्टर संतोष आर्या ने बताया कि तहरीर के आधार पर वाहन व अज्ञात ड्राइवर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है

नव दुर्गा जागरण में जमकर झूमे भक्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। निगोहाँ कस्बे में गुरूवार को आंठवे विशाल नव दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। देर शाम मां ज्वाला देवी के मंदिर से ज्योति लेकर जागरण कमेटी के युवा सदस्य निगोहा पहुंचे। जिसके बाद जागरण स्थल पर बने मां दुर्गा के पंडाल में ज्योति को स्थापित कर मां की पूजा-अर्चना की गयी।जागरण की शुरूआत व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित व पूर्व प्रधान निगोहा अजय सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी ।जिसके बाद कलाकारों ने जगराते की शुरूआत गणेश वंदना से की ।जिसके बाद गायक साक्षी ने मधुर भजनो से रात भर भक्तों को झुमाया। का ?नपुर अंकुर नटराज म्यूजिकल ग्रुप के गायक मनोज रसिया, सेल्जा कपूर, रोली यादव ने मां भगवती की सुंदर-सुंदर भेंटे सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

बीच-बीच में कलाकारो माता के कई रूपो समेत दर्जनो झांकियां की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्वालुओ का मन मोह लिया ।शुक्रवार की सुबह जागरण के समापन पर माता की आरती के बाद हलवा और चने के प्रसाद का वितरित किया गया। जागरण का आयोजन नव दुर्गा जागरण कमेटी द्वारा किया गया। जिसके बाद कमेटी के सदस्य डीजे पर भक्ति गीतो पर नाचते - गाते रंग-गुलाल उड़ाते हुये मां दुर्गा की प्रतिमा को भंवरेश्वर बाबा मंदिर के किनारे स्थित सई नदी पर ले जाकर विसर्जन किया ।जागरण का आयोजन अजय गुप्ता, सुजीत गुप्ता,राहुल गुप्ता, हिमांशू, मोनू, अमरेंद्र यादव सहित कमेटी के दर्जनो सदस्यो के द्वारा किया गया ।इस मौके पर इंस्पेक्टर विनोद यादव,प्रधान अभय दीक्षित,पत्रकार जय शुक्ला,उमेश गुप्ता,प्रदीप द्विवेदी समेत समेत काफी संख्या में हजारो की संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

दुर्गा माता मंदिर में जबाबी कीर्तन का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

नगराम। करोरा बाजार में स्थित दुर्गा माता मंदिर में गुरुवार को पूजा अर्चना के बाद आयोजित जबाबी कीर्तन में कानपुर की प्रसिद्ध कीर्तनकारा कांतिमाला व रायबरेली के कीर्तनकार शशिराज कमल ने फिल्मी गीतो की धुनो पर कीर्तन गाकर रातभर माता रानी का गुणगान किया ।कार्यक्रम के आयोजक बुजुर्ग समाजसेवी अन्नत राम द्विवेदी व गोविंद तिवारी ने मुख्य अतिथि नगराम थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार तिवारी व विशिष्ट अतिथि भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेटकर स्वागत किया ।मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार तिवारी ने इस मौके पर पत्रकारो व सफाईकर्मियो समेत दो दर्जन के करीब लोगो का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया ।इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया ।इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, पत्रकार एसोसिएशन सयुक्तमंत्री अनुपम मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार जय सिंह यादव, सुनील मणि, शिव नारायण बाजपेयी, राकेश तिवारी, एडवोकेट हिमांशु तिवारी, अवधेश वर्मा, जीतेन्द्र वर्मा, धीरज तिवारी, गिरीश त्रिवेदी समेत काफी संख्या मे क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

मुख्यमंत्री ने मलिहाबाद के पांच प्रगतिशील किसानों को मिनी किट भेंट कर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्यस्तरीय श्री अन्न प्रदर्शनी एवं कार्यशाला के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान श्री अन्न के क्षेत्र में कार्य करने वाले 35 कृषक उत्पादक संगठनों को सम्मानित किया। इसके अलावा प्रदेश के पांच कृषि विज्ञान केंद्रों (झांसी, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर और गाजीपुर) को मिलेट्स प्रसंस्करण संयंत्र के लिए 95-95 लाख की सहायता प्रदान की गई। साथ ही जिन कृषक उत्पादक संगठनों ने अधिक से अधिक किसानों को मिलेट्स फार्मिंग के लिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया उन्हें भी मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, यूपी कृषि अनुसंधान परिषद् के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, संजय अग्रवाल, डॉ देवेश चतुर्वेदी सहित कृषि विश्वविदयालयों के कुलपतिगण, प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कृषक उत्पादन संगठनों और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारीगण के अलावा बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। तीन दिन तक चलेगा श्री अन्न महोत्सव

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान के लिए कार्य कर रही उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् के 34वां स्थापना दिवस पर अगले तीन दिन तक श्री अन्न महोत्सव का आयोजन हो रहा है। ये महोत्सव यूपी के किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का माध्यम बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सदी के छठे और सातवें दशक तक बड़ी मात्रा में मोटे अनाज का उत्पादन होता था। ये हमारे दैनिक जीवन का अंग था। मगर बढ़ती आबादी की आवश्यक्ता और इस दिशा में शोध और अनुसंधान की गति थमने के कारण इसका उत्पादन कम होता गया।

तीन दिन तक चलेगा श्री अन्न महोत्सव

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान के लिए कार्य कर रही उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् के 34वां स्थापना दिवस पर अगले तीन दिन तक श्री अन्न महोत्सव का आयोजन हो रहा है। ये महोत्सव यूपी के किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का माध्यम बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सदी के छठे और सातवें दशक तक बड़ी मात्रा में मोटे अनाज का उत्पादन होता था। ये हमारे दैनिक जीवन का अंग था। मगर बढ़ती आबादी की आवश्यक्ता और इस दिशा में शोध और अनुसंधान की गति थमने के कारण इसका उत्पादन कम होता गया।

मलिहाबाद के किसानों ने मारी बाजी

लखनऊ जनपद के विकासखंड मलिहाबाद के पांच उन्नतशील किसानों को मुख्यमंत्री ने मिनी किट भेंट करते हुए अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करने से प्रदेश भर में मलिहाबाद का नाम रोशन हुआ है। इस अवसर पर कार्यरत सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मानवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्नतिशील कृषि क्षेत्र में नवोन्मेषी प्रयोग कर उन्नत कृषि के साथ मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने में पिछले कई वर्षों से सृजनात्मक रूप से सक्रिय रहे प्रगतिशील किसान श्याम सिंह , सत्येंद्र सिंह, मनोज सिंह, गोपी ,एवं रामपाल मौर्य को सम्मानित करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सहित आम के लिए विश्व विख्यात मलिहाबाद के कृषकों का मनोबल बढ़ाया है।

संक्षेप

बीस दिनों से बिना विद्युत के रहने को मजबूर ग्रामीण

सफीपुर, उन्नाव।विद्युत उप खंड के परियर गांव के गढ़ी मोहल्ले वासियों ने बताया कि पिछले 20 दिन से लाइन फाल्ट होने की वजह से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हैं।लोग मजबूरी में अंधेरे में रह रहे है।मोहल्ले के टीकाराम,गेंदेलाल,पप्पू रावत, कुशहर,लाला,लल्लन निषाद,विनोद निषाद ,रामप्रसाद,राकेश, श्यामलाल ,सुनील, राजेश, प्रकाश, नन्हेलाल, राजेश निषाद, सुनील,रामकुमार, गोविंद,गोपी, सोनेलाल,राहुल पाल, अंगनू, डालचंद, अंकित, हरी निषाद, राजेश, सुनील, नन्ह के ,केशनलाल,रामदुलारे ने बताया कि लगातार लाइन मैन व विद्युत विभाग से शिकायत करने के बाद भी कोई नही सुन रहा है।इस संबंध में बुधवार को एसडीओ एजाज अहमद ने बताया था जल्द समस्या हल कर विद्युत आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।आज वह बाहर होने की वजह से कोई जानकारी नहीं दे सके। जे ई दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया फाल्ट सही करा कर विद्युत आपूर्ति चालू करा दिया जाएगा।बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा,महामंत्री हरिनारायण पांडे किसान यूनियन की जिला अध्यक्ष रिंकी सिंह ने कहा यदि यह समस्या सोमवार सुबह 10 बजे तक नही सही होती है तो ग्रामीणों के साथ परियर चौराहे पर मजबूरन धरना प्रदर्शन करेंगे।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत पर पुलिस ने एक युवक को लिया हिरासत में

बीघापुर, उन्नाव। संदिग्ध परिस्थितियों में गांव से बाहर युवक का शव मिलने पर पुलिस ने एक युवक को तहरीर के आधार पर हिरासत में ले लिया वही मृतक का शव पोस्ट मार्टम के बाद घर पहुंचने पर कोहराम मच गया परिवार के लोगो ने शव का अन्तिम संस्कार कर दिया

बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ताजकपुर में बृहस्पतिवार को देर रात राजेश 38 वर्ष पुत्र गंगाराम का शव गांव से लगभग 5 सौ मीटर दूरी पर सुमेरपुर से नमाखेड़ा जाने वाली लिंक रोड के किनारे बरगद के पेड़ के नीचे पड़ा मिलने पर लोगों ने पुलिस को फोन से जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गई जहां डॉक्टर ने युवक को मृतक घोषित कर दिया वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव शुक्रवार को घर पहुंचने पर कोहराम मच गया मृतक के छोटे-छोटे चार लड़कियां व एक लड़का है पिता की मौत के बाद बच्चों व पत्नी मीना देवी का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के घर की तरफ से दी गई थाने में तहरीर के आधार पर पुलिस ने राजू नाम के युवक को हिरासत में ले लिया वहीं मृतक के गांव में तरह-तरह की चचाएं फैली हुई हैं पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

151वां श्रीराम लीला अमृत महोत्सव का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में साकेत धाम में 151वें श्रीरामलीला अमृत महोत्सव में श्रीधाम वृंदावन के सुविख्यात आचार्य स्वामी शिवम पाठक जी महाराज के कुशल निर्देशन में तीसरे दिन की लीला का शुभारंभ मंगलाचरण, हनुमान चालीसा और रामायण जी की आरती के साथ हुआ। कैकेयी कोप भवन में जाकर दशरथ से पूर्व में दिए गए दोनो वरदान मांगती है। रघुकुल रीत सदा चलि आई, प्राण जाहिं पर वचन न जाहीं को सिद्ध करने के लिए राजन अपने ज्येष्ठ पुत्र राम को वनवास और भरत को राजगद्दी की घोषणा करते हैं। राम के साथ सीता और लक्ष्मण भी चल पड़ते हैं। राजा दशरथ विलाप करते हुए अपने प्राण त्याग देते हैं। कभी कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े, जाना था गंगा पार प्रभू केवट की नांव चढ़े भजन के मध्य राम केवट का बड़ा ही मार्मिक प्रसंग दशार्या गया। सीता के बार बार आग्रह पर कपट मृग को पकड़ने राम चल पड़ते हैं और छल से रावण सीता का हरण कर लेता है। राम और लक्ष्मण वन वन भटकते हुए सीता को खोजते हैं, इसी बीच सुग्रीव से भेंट होती है और महाबली हनुमान को उनका बल याद दिलाते हुए समुद्र पार कर लंका भेजा जाता है। सीता जी से भेंट कर अक्षय कुमार और बड़ी संख्या में राक्षसों का वध करके हनुमान जी लंकादहन कर सीता जी के सामने हाथ जोड़कर कहते है मातु मोहिं दीजै कछु चीन्हा, जैसे रघुनायक मोहिं दीन्हा। आशीवार्द लेकर पवनसुत वापस जाते हैं। कमेटी अध्यक्ष संजय राठी, महामंत्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव कमल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी, महोत्सव सूत्रधार कृष्णप्रिय मोती श्याम, पूर्व अध्यक्ष कांतिमोहन गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगदीश महेश्वरी, महिला मंडल अध्यक्ष आरती यादव, प्रबंधक संजीव गुप्ता राजा, अधिवक्ता विनोद शर्मा, व्यवस्थापक इंदु प्रकाश अवस्थी व कौशल किशोर यादव, मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सिंह सेंगर, ललित द्विवेदी आजाद, कुंवर अजय सिंह, शशिकांत गुप्ता, अवधेश सिंह, विवेक गुप्ता, शिवम तिवारी, राहुल कश्यप आदि ने पूजन और आरती में बाग लिया।

दो दिवसीय दंगल आयोजन में पहलवानों ने दिखाए अपने अपने दांव पेच

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला शीतलगंज में दो दिवसीय दंगल के दूसरे दिन दंगल में पहलवानों ने अपने अपने दाव पेंच दिखाए। आखिरी कुश्ती में शेरु जम्मू ने जीत प्राप्त की।

राघवेंद्र सामाजिक एंव सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में दंगल कमेटी द्वारा आयोजित दंगल परिसर में बने हनुमान जी के चित्र पर दीप प्रज्जवल साथ ही फीता काटकर नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ करवाया और सज्जन चंदीगढी का झीगुर कानपुर से बीच हुआ जहां सज्जन चंदीगढी ने जीत दर्ज कर ली। वहीं जितेंद्र जालौन का मोहन मथुरा के बीच कुश्ती हुई जिसमें जितेन्द्र ने बाजी मारी। और रीना पंजाब का हरियाणा की प्रीति से कुश्ती हुई जिसमें प्रीती हरियाणा ने जीत हासिल की। इसी दौरान मुस्तफा बदरका का अमर राजस्थान के बीच कुश्ती हुई जिसमें मुस्तफा ने कुस्ती जीत ली। व भूपेंद्र लखापुर की कुश्ती रणवीर दिल्ली के बीच हुई जहां भूपेंद्र जीत गए। विश्वजीत बदरका का छोटू दिल्ली के बीच हुई कुश्ती में छोटू दिल्ली को हराया। आखिरी कुश्ती शेरु जम्मू का सचिन मथुरा के बीच चली कुश्ती में शेरु जम्मू जीते। इसी दौरान दंगल में सतीश कुशवाहा, दिवाकर शुक्ला, डब्बू यादव, सुधीर बाजपेई, अन्नू बाजपेई, सत्यम शुक्ला, शाश्वत शुक्ला, बबलू नगर पंचायत आदि लोग रहे।

देवस्थलों की भूमि पर भी भू माफिया की गिद्ध दृष्टि, निवासियों ने एसडीएम से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। शायद यही कारण है कि अब उनकी नजरों से देव स्थलों की भूमि भी सुरक्षित नहीं रही। राजस्व अभिलेखों में मंदिर के नाम अंकित भूमि भी बेनामी तौर तरीके अपना कर दबंग भू माफिया कब्जाने में लग गए हैं।दबंगो से परेशान दो सैकड़ा लोग एसडीएम कार्यलय पहुंचे और भूमाफिया के विरुद्ध करवाई की मांग उठाई है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद मोहल्ला पड़ियाना निवासीगण संतराम, सीमा कुशवाहा,मुन्नी, छुन्नादास, सत्यप्रकाश आदि लोगो ने दबंग पड़ोसी मंगतराम यादव, छनई यादव,पर ज्वाला देवी मंदिर की भूमि और कुआं आदि पर कब्जा कर निर्माण करा लिया है।जबकि दो अक्टूबर से लगातार निवासी अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।वही मोहल्ले वासियों का कहना है की मंदिर भूमि पर कब्जा कर हजारों लोगो को आस्था को चोट पहुंचाई है। यहां तक मंदिर परिसर में लगा इंडिया मार्का नल भी नही बक्सा उस पर भी कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है की जल्द ही। भूमि को मुक्ति कराया जाए अन्यथा एक हजार लोग तहसील परिसर में पहुंच कर धरना देंगे।अब देखना यहां है की हजारों लोगो की आस्था से जुड़े मंदिर को प्रशासन बचा पाता है या फिर भूमाफियाओं के आगे नतमस्तक होता है।मंदिर भूमि का विरोध करने वाले भक्तो को मारपीट कर अस्पताल पहुंचा दिया गया हैं। ये साज़िश है या कब्जा ये कह पाना मुश्किल है।

अमृत कलश यात्रा बस को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत समस्त विकास खण्ड, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों से एकत्रित अमृत कलशों को जनपद स्तर से विधायक सदर पंकज गुप्ता विधायक मोहान बृजेश रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष अवेधश कटियार आदि जन प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में कलेक्टेट परिसर से प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए अमृत कलश यात्रा की बस को जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत 27 एवं 28 अक्टूबर 2023 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे, तथा प्रदेश की राजधानी से 29 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा अमृत कलश यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर नई दिल्ली के लिए रवाना किया जायेगा। 30 अक्टूबर को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित होगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, पर्यटन सूचना अधिकारी/सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद संतोष कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

आगरा एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, चालक समेत दो घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर श्रीनगर से पटना जा रहा सेब से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे किलोमीटर संख्या 234 के सामने लोहे की रेलिंग को तोड़ते हुए खंती में पलट गया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने ट्रक में फंसे चालक परिचालक को रेस्क्यू कर बाहर निकाला और नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रांत राजस्थान जनपद बाड़मेर निवासी गनी खान 36 वर्ष पुत्र लखन खान आरिफ 22 वर्ष पुत्र खरीदें गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। मौके पर मौजूद टीम ने क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से एक किनारे कर मार्ग पर यातायात सुचारू करा दिया।

दहेज हत्या में शामिल वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस द्वारा दहेज हत्या में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

बीते गुरुवार को शुभम यादव पुत्र मुन्नर प्रसाद निवासी ग्राम बदनपुर ने थाना बिहार में दी गई तहरीर में बताया था कि मेरी बहन कोमल 23 वर्ष का विवाह तीन वर्ष पूर्व मनोज कुमार पुत्र केशनपाल यादव निवासी ग्राम भीटेपुर थाना बिहार जनपद उन्नाव के साथ हुआ था। बीती 25.10.2023 दिन बुधबार को ससुरालीजनों ने मेरी बहन को दहेज की मांग को लेकर फांसी लगाकर मार दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद पति मनोज कुमार ,ज्योति पुत्री किशनपाल ,अमन पुत्र किशनपाल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पाण्डेय मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण किशनपाल पुत्र रामपियारे जनक दुलारी पत्नी कृष्णपाल उर्फ किशनपाल मनोज कुमार पुत्र कृष्णपाल को ग्राम रामचरनखेड़ा उर्फ भीटेपुर मजरा सांझामऊ से गिरफ्तार कर लिया

मायके पक्ष के लोगो ने शव को बिहार थाने में लाकर तहरीर में दिए गए नामो में देवर व नंद को भी गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। काफी देर तक महिलाओ की भीड़ को समझाया बुझाया गया। थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय द्वारा जांच कर उचित वैधानिक कार्यवाही किये जाने की बात का आस्वाशन दिए जाने के बाद ही परिजन शव को ले जाने के लिए तैयार हुए।

बॉलीवुड के सितारों ने बिखेरा अपना अपना जलवा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महोत्सव2023 में बॉलीवुड अभिनेता नवीन शर्मा और अभिनेत्री पूर्विका सहाय ने अपने डांस और डायलॉग से मौजूद हजारों दर्शकों का मनोरंजन किया। अभिनेता नवीन शर्मा ने कहा बहुत जल्द उन्नाव में एक बड़े पर्दे की फिल्म का शूट शुरू करेगे जिसमें उन्नाव के कलाकारों को भरपूर मौका मिलेगा। अनुराग म्यूजिकल ग्रुप के निर्देशक सीताराम गुप्ता के संयोजन में लव और कुश ने म्यूजिकल सिम्फनी में अपनी धमाकेदार पेशकश से सबको लुभाया। एक शाम रफी साब के नाम मे अरुण गोस्वामी ने क्या हुआ तेरा वादा, वासिफ अली ने बड़ी दूर से आए हैं, अयाज फारूकी ने मेरे महबूब तुझे मेरी मोहब्बत की कसम, अलकाब ने छू लेने दो नाजुक होंठों को, शाश्वत त्रिवेदी ने बदन पे सितारे लपेटे हुए, जिया भाई ने कौन है जो सपनो में आया, शब्बीर ने आया रे खिलौने वाला गाकर रफी साब को संगीतमय श्रद्धान्जलि दी। लखनऊ से आए वरिष्ठ पत्रकार बंधुओं का सम्मान किया गया। स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक नृत्य से सबका मन मोह लिया। हजारों की संख्या में जनपद वासियों ने सपरिवार झूलों और स्टाल्स पर आनंद उठाया। मैजिशियन अभिषेक ने हैरतअंगेज जादू के जौहर दिखा कर सबको आश्चर्य में डाल दिया। अपर जिला जज व विधिक प्राधिकरण के सचिव मनीष निगम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हो कलाकारों को प्रोत्साहित किया और उनके द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ आम जनमानस से लेने को कहा। प्रबंधक अशोक पटेल शिवा, संयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर, मुख्य संरक्षक बार अध्यक्ष राम सुमेर सिंह, संरक्षक संजय सिंह चौहान फौजी, मीडिया प्रभारी तुषार मिश्रा, सुख सागर पटेल, राहुल कश्यप, अमित पटेल, प्रशांत सिंह आदि ने अतिथियों और कलाकारों का सम्मान किया और बताया कि अगले दिन फिल्म व टी वी अभिनेत्री के साथ राइजिंग स्टार हंट में सिंगिंग, डांसिंग मॉडलिंग का जलवा बिखरेगा। डॉ सत्य पाल सिंह और डॉ राजेश ने सबके प्रति आभार जताया।

बलरामपुर के 30 किसानों ने केवीके बहराइच का किया भ्रमण

बहराइच में चल रही कृषि गतिविधियों से प्रभावित हुए बलरामपुर के किसान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कृषि वैज्ञानिकों की लगातार मेहनत से बहराइच में जहां वैज्ञानिक और प्राकृतिक खेती की शुरूआत हुई वहीं पड़ोसी जनपद बलरामपुर के किसानों ने बहराइच में की जा रही वैज्ञानिक खेती तथा प्राकृतिक खेती के बारे में पहुंचकर जानकारी प्राप्त की। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि बलरामपुर से पहुंचे किसानों को बहराइच में हो रही वैज्ञानिक व प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई तथा परिक्षेत्र भ्रमण कराकर उन्हें खेती बारी का अवलोकन भी कराया गया। कृषि विभाग बलरामपुर के सौजन्य से बलरामपुर जिले से किसानो का 30 सदस्यीय दल परंपरागत कृषि विकास योजनान्तर्गत एकदिवसीय एक्सपोजर विजिट के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच का भ्रमण किया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.पीके. सिंह (उद्यान) ने किसानो को प्राकृतिक खेती इकाई का भ्रमण कराया और किसानो को बताया कि प्राकृतिक खेती देसी गाय और स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों पर आधारित रसायन मुक्त खेती का एक तरीका है, जिसमें कोई रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया जाता है। और यह पारंपरिक स्वदेशी प्रथाओं को बढ़ावा देता है। डा. अरुण कुमार राजभर ने बताया की प्राकृतिक खेती कई अन्य लाभों, जैसे कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य की बहाली, और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का शमन या निम्नीकरण, प्रदान करते हुए किसानों की आय बढ़ाने का मजबूत आधार प्रदान करती है। आज के समय की मांग है प्राकृतिक खेती, क्यों कि फसलों में अंधाधुंध रसायनों के प्रयोग के वजह से लोगो में बहुत सारी बीमारियां हो रही है। बलरामपुर के किसानों ने कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कर प्रसन्नता जताते हुए बेहतर खेती करने की बात कही।

एकल अभियान के तहत महाविद्यालय में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर/बहराइच। क्षेत्र के भवानी प्रसाद मिश्र जटाशंकर महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वयं सेवक संभाग द्वारा एकल अभियान के तहत आचार्य वर्ग हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा राज कुमार शुक्ल रहे। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना के पश्चात अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने बताया कि एकल अभियान के तहत बुनियादी शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास, स्वास्थ्य जागरूकता, आधुनिक और उत्पादक कृषि प्रथाओं एवं ग्रामीण उद्यमिता द्वारा आदिवासी और ग्रामीण समुदायों का सशक्तीकरण किया जाता है। इस अवसर पर अजीत शुक्ल, ओम प्रकाश तिवारी,जिला संपर्क प्रमुख ओम प्रकाश मिश्र, विजय सिंह,अतुल पाठक,ग्राम स्वराज योजना प्रमुख श्रीनिवास,आंचल प्रशिक्षण प्रमुख संतोषी,संच प्रमुख विजय कुमार सिंह, व संदीप सही भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

लोहरा गाँव में पिंजड़े में कैद हुआ तेंदुआ

तेंदुए के हमले में बीते दिनों 8 वर्षीय बालिका हुई थी घायल

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। जिले के कतर्नियाघाट के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कारीकोट के लोहरा गांव में बीते 20 अक्टूबर को घर के बाहर नल पर पानी पीने गई 8 वर्षीय बालिका किरन पर अचानक घात लगाकर तेंदुए ने हमला कर दिया था। जिसमें बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वही इस दौरान तेंदुआ लोहरा व आजमगढ़ पुरवा गांव में चहल कदमी कर रहा था जिसको देखते हुए प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन ने भी मौके का दौरा कर पिंजडा लगवाया था। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया था कि डिप्टी रेंजर रामकुमार द्वितीय के नेतृत्व में वन विभाग की टीम 24 घंटे मॉनिटरिंग करेगी। इस दौरान शुक्रवार सुबह तड़के तेंदुआ पिंजरे के अंदर पकड़ में आ गया।जिससे अब ग्रामीणों को तेंदुए के आतंक से निजात मिली है। वहीं वनकर्मियों के द्वारा पिंजडे में तेंदुए को निशानगाड़ा रेंज ले जाया गया वन क्षेत्राधिकारी ताराशंकर यादव ने बताया कि तेंदुआ मादा है तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों को अब राहत मिली है लेकिन सतर्कता जरुरी है।

चिंतन

नए जंग की आंच से झुलसने लगे बाजार

पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनावों का असर अब विश्व समेत भारतीय शेयर बाजारों पर भी पड़ने लगा है। इजराइल व हमास के बीच 17 दिन से जारी जंग में लेबनान के हिजबुल्लाह गुट के कूदने से इजराइल ने एक साथ दो मोर्चा खोल दिया है। इजराइली सैनिक हमास व हिजबुल्लाह दोनों आतंकी गुट के ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। ईरान पहले से ही हमास के साथ है और अमेरिकी बेड़ा इजराइल की मदद के लिए इजराइली सीमा पर तैनात है। ऐसे में निकट भविष्य में इस जंग का अंत नजर नहीं आ रहा है। इजराइल हमास के अंत तक लड़ाई जारी रख सकता है। लेबनान के सीन में आने से जंग और पेचीदा हो गया है। ईरान अगर सीधे तौर पर हमास के साथ जंग में उलझता है तो अमेरिकी सैनिक के भी सामने आने की संभावना बढ़ जाएगी। विश्व को आशंका है कि रूस व यूक्रेन जंग की तरह ही इजराइल व हमास और हिजबुल्लाह के बीच जंग लंबे समय तक जारी रह सकती है, ऐसे में वैश्विक आपूर्ति सिस्टम में असर पड़ सकता है। खास कर क्रूड ऑयल के दाम बढ़ सकते हैं। कच्चे तेल का भाव 90 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गया है। भारतीय शेयर बाजार इसी आशंका में सोमवार को भारी बिकवाली का शिकार हुआ और सेंसेक्स 826 अंक टूट गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 260.90 अंक फिसल गया। मार्केट की इस भगदड़ में निवेशकों के 7.57 लाख करोड़ रुपये डूब गए। पिछले चार कारोबारी सत्र से शेयर बाजारों में गिरावट जारी है। इन चार सत्रों में सेंसेक्स 1,925 अंक गिरकर 65,000 अंक से नीचे आ चुका है जबकि निफ्टी लगभग 530 अंक टूट चुका है। 4 दिन की बिकवाली में निवेशकों के करीब 12 लाख करोड़ रुपये डूब चुके हैं। आईटी, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर पर भारी दबाव है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 4.18 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई, तो मिडकैप को भी 2.51 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट भी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी नुकसान के साथ कारोबार कर रहे हैं। शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में गिरावट दर्ज की गई थी। पश्चिम एशिया में तनाव गहराने से बिकवाली का दबाव बना है और निवेशकों अपने शेयरों की बिकवाली कर रहे हैं। निवेशक ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका और मुद्रास्फीति बढ़ने को लेकर पहले से ही चिंतित हैं। ऐसी स्थिति में इजराइल-हमास संघर्ष ने अनिश्चितता बढ़ाने और निवेशक धारणा को कमजोर करने का काम किया है। यह संकेत है कि विश्व में चल रहे दो दो युद्ध के चलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सकारात्मक सेंटिमेंट नहीं है। कच्चे तेल के दाम बढ़ने से वैश्विक स्तर पर आपूर्ति सिस्टम पर भार पड़ेगा और महंगाई और आसमान छूएगी। दुनिया के सभी शेयर बाजारों को यही चिंता सता रही है। निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर रुख कर रहे हैं। बॉन्ड यील्ड और सोने में तेज उछाल देखने को मिल रहे हैं। अमेरिका डॉलर मजबूत होने से भी बाजार पर दबाव बना हुआ है। हालांकि वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत मजबूत घरेलू बुनियादी आर्थिक स्थिति और मुद्रास्फीति में नरमी की उम्मीद के बीच चालू वित्त वर्ष (2023-24) में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। देश में खपत व मांग की स्थिति बेहतर है। इसके बावजूद भारत को आर्थिक मोर्चे पर अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

विजयदशमी

डॉ. अशोक कुमार यादव

सबके राम-सनातनी राम

आध्यात्म, चिंतन, भक्ति, शक्ति, ज्ञान और पुरुषार्थ के प्राण हैं राम। राम राजा है, लेकिन लोकतन्त्र के संरक्षक हैं। राम शक्तिपुंज हैं, लेकिन दुर्बलों के रक्षाकवच हैं। राम राजकुमार हैं, लेकिन तपस्वी के वेष में वन-वन भटके। राम राजा होते हुए भी साम्राज्यवादी नहीं हैं, क्षेत्रवादी नहीं हैं, विस्तावरवादी नहीं हैं, सामंतवादी नहीं हैं। न ही राम जातिवादी हैं व न ही अंहकारी हैं। फिर राम क्या हैं? राम न्यायप्रिय हैं, भावप्रिय हैं, सत्यप्रिय हैं, अनुशासनप्रिय हैं, सम्यक दृष्टि वाले हैं। राम लौकिक भी हैं व अलौकिक भी हैं। राम ईश्वर भी हैं व इंसान भी हैं। राम भौतिक भी हैं व दैविक भी हैं। राम आदि भी हैं व अन्त भी हैं। मानो तो राम सबकुछ है और न मानो तो कुछ भी नहीं है।

भारतीय संस्कृति में राम सिर्फ शब्द नहीं है। भारतीय मनीषा की आत्मा है राम। आध्यात्म, चिंतन, भक्ति, शक्ति, ज्ञान और पुरुषार्थ के प्राण हैं राम। राम राजा है, लेकिन लोकतन्त्र के संरक्षक हैं। राम शक्तिपुंज हैं, लेकिन दुर्बलों के रक्षाकवच हैं। राम राजकुमार हैं, लेकिन तपस्वी के वेष में वन-वन भटके। राम राजा होते हुए भी साम्राज्यवादी नहीं हैं, क्षेत्रवादी नहीं हैं, विस्तावरवादी नहीं हैं, सामंतवादी नहीं हैं। न ही राम जातिवादी हैं व न ही अंहकारी हैं। फिर राम क्या हैं? राम न्यायप्रिय हैं, भावप्रिय हैं, सत्यप्रिय हैं, अनुशासनप्रिय हैं, सम्यक दृष्टि वाले हैं। राम लौकिक भी हैं व अलौकिक भी हैं। राम ईश्वर भी हैं व इंसान भी हैं। राम भौतिक भी हैं व दैविक भी हैं। राम आदि भी हैं व अन्त भी हैं। मानो तो राम सबकुछ है और न मानो तो कुछ भी नहीं है। इसीलिए मानस में गोस्वामी जी ने लिखा, 'जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी'। अल्लामा इकबाल ने भी लिखा है- 'है राम के वजूद पे हिन्दोस्ताँ को नाज़, अहल-ए-नज़र समझते हैं इस को इमाम-ए-हिंद।'

दुनिया भर में तीन हजार से ज्यादा रामायण लिखी गईं। इनमें से तीस ग्रन्थ तो सर्वमान्य हैं। काल अलग हैं,जगहें अलग हैं, रचियता अलग हैं, भाषा अलग है, लेकिन राम एक ही हैं। वाल्मीकि के राम अलग हैं। वो इंसान हैं, नायक है, रामराज्य के अधिष्ठाता हैं व असुरों के संहारक हैं। वो दुर्बलों के नाथ हैं, ऋषि-मुनियों के संरक्षक हैं, समाज के पथप्रदर्शक हैं व भारतभूमि के एकतासूत्र हैं। कालिदास के राम अलग हैं। कम्बन के राम अलग हैं। स्वामी अड़गड़ानंद के राम अलग हैं। तुलसी के राम अलग हैं। किसी ने ईश्वर के रूप में देखा, तो किसी ने इंसान के रूप में, लेकिन हर जगह राम सर्वशक्तिमान हैं।

संस्कृत, अवधी, तमिल, तेलुगु, उड़िया, मलयालम, सिंघली, नेपाली, भूटानी या फारसी जैसी जिन भाषाओं में भी रामचरित लिखा गया, सबमें हर जगह राम दीन दुखियों के पक्षधर हैं। संबंधों को निभाने वाले हैं। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाले हैं। वाल्मीकि रामायण और तुलसी की मानस में दो चरित्र खास हैं। एक निषादराज गुह्य और दूसरा शबरी माता। रामायण की पूरी कथा में हर किसी को मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम ने कुछ न कुछ दिया है, लेकिन सिर्फ निषादराज और शबरी ऐसे हैं, जिन्होंने श्रीराम से कुछ लिया नहीं, उन्हें दिया है। जब राम वनवास के लिए निकले,तो श्रृंगवेसपुर के निषादराज गुह्य गंगा पार कराने के लिए हाजिर हो गए। निषादराज मल्लाह थे। आज के जमाने के पिछड़ी जाति वाले थे। राजा राम को वनवासी के वेश में देखकर दुखी हो गए। उन्हें अपना राज्य ऑफर कर दिया। वाल्मीकि रामायण और कंबन रामयाण में मल्लाह निषादराज को प्रभुराम का पांचवा भाई बताया गया है। ये राम की सामाजिक स्वीकार्यता, सभी वर्गों में उनके प्रति प्रेम का अनूठा उदाहरण है। इसी तरह शबरी भी भीलनी थीं। श्रीराम कर्नाटक में मंतग ऋषि के आश्रम में पंपा सरोवर तक गए। भीलनी के जूठे बेर खाए। ये आदिवासियों के प्रति राम का अनुराग था। राम बलशाली संग नहीं, कमजोरों के साथ खड़े रहे। राम ने आतातायी का नहीं, सताए हुए का साथ दिया। राम ने मित्रता का धर्म निभाया। राम की सेना प्राणियों की एकता का सबूत थी। हनुमान, सुग्रीव, नल, नील, जामवंत ये सब बंदर रीछ भालू नहीं थे। ये अलग अलग इलाकों की जनजातियां थीं। राम ने सबको इक्कठा किया। एकता की ताकत से रावण को हराया।

तमिलनाडु में जो लोग सनातन पर सवाल उठा रहे हैं। उन्हें तो रामायण और रामचरित मानस खास तौर पढ़नी चाहिए, क्योंकि तमिलनाडु में सनातन संस्कृति के सबूत आज भी हैं। राम ने खर-दूषण और त्रिशिरा का वध दंडकारण्य क्षेत्र में किया था, लेकिन खर दूषण के वध के कारण ब्रह्महत्या से मुक्ति का यज्ञ तमिलनाडु में किया था। उन्होंने 108 शिवलिंग स्थापित किए, जो आज भी हैं। वो स्थान आज भी तमिलनाडु के तंजावुर में पापनाशम् के नाम से प्रसिद्ध है। यहां राम के सबसे ज्यादा प्रमाण हैं।

राम ने न तो जातिभेद किया, न वर्ग भेद किया। यहां तक कि अगर किसी स्त्री ने अत्याचार किया तो उसे भी दंडित किया। ताड़का राक्षसी थी। श्रषि मुनियों का भक्षण करती थी। यज्ञ में विघ्न डालती थी। राम ने ताड़का का वध किया। रामायण के रचयिता वाल्मीकि तो दलित थे, लेकिन संस्कृत के प्रकांड विद्वान और खगोलविद थे। उनके ज्ञान का सम्मान हुआ। श्रीराम के पुत्र लव और कुश वाल्मीकि के शिष्य बने। सीता वाल्मीकि के आश्रम में पुत्री की तरह रहीं। क्या ये समाजिक एकता, समाज में विद्वता का सम्मान नहीं था।

राम ने उत्तर को दक्षिण से, पूरब को पश्चिम से जोड़ा। राम अयोध्या के राजकुमार थे। इच्छवाकु वंश के 64वें राजा थे। सूर्यवंशी सम्राट थे। पिता की आज्ञा से वनवास गए। वो चाहते तो वनवास अयोध्या की सीमा की बाहर भी काट सकते थे। वे चित्रकूट तक क्यों गए? इसका जबाव मानस में बालकांड की चौपाई में है। जिसमें कहा गया है रामजन्म के हेतु नेका, परम विचित्र एक ते एका। श्रीराम अयोध्या से निकल कर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश व तमिलनाडु तक गए। अयोध्या में सरयू के तट से लेकर रामेश्वरम में समुद्र तट तक राम के निशान आज भी साफ मिलते हैं। राम ने सेतुबंध में छोटी सी गिलहरी के योगदान को स्वीकर किया और जब इस लोक से विदा ली तो हनुमान को अयोध्या सौंपी। राम ने सिर्फ इंसानों को नहीं, पूरे प्राणिजगत को एकसूत्र में बांधा। श्रीराम का जीवन चरित कठिन परिस्थितियों में भारतीयों को संबल देता है। आज भारत के अलावा जिन देशों में हिन्दू हैं, वहां सनातन को कायम रखने में रामायण और रामचरित मानस की बड़ी भूमिका है।

आमतौर पर लोग सिर्फ वाल्मीकि रामायण और तुलसीकृत रामचरित मानस को ही जानते हैं, लेकिन रामचरित ज्यादातर भारतीयों भाषाओं में लिखा गया है। संस्कृत में वाल्मीकि रामायण के अलावा आध्यात्म रामायण, आनंद रामायण और अदभुत रामायण भी हैं। तेलुगु में रंगनाथ रामायण और मोल्डा रामायण है। उड़िया में रूइपादकातेणपदी रामायण है। तमिल में कम्बन की इरामावतारम्-है। सिंहली में मलेराज कथाव है। कन्नड़ की रायायण अलग है। अवधी में रामचरित मानस है। विदेशों में भी है। कंबोडिया में रामकेर है। तिब्बती में काव्यदर्श है। इंडोनेशिया में रामायण काकवीन है। मलेशिया में हिकायत सेरीराम है और जीवक जातक नाम से दो रामायण हैं। वर्मा में रामवत्थु है। जापानी में होबुत्सुशू है। नेपाल में भानुभक्त कृत रामायण है। थाईलैंड में रामकियेन है। तुर्किस्तान में खोतानी रामायण है। फारसी में मसीही रामायण है। फिलीपींस में महालादिया लाबन है। चीनी भाषा में दशरथ कथानम है। ये सब अलग अलग भाषाओं में रामयाण के, रामचरित के अलग अलग रूप हैं। यानि दुनिया में हिन्दू जहां जहां भी गए। राम उनके साथ गए। देश छूट गया, लेकिन भारतीयों ने न राम को विस्मृत किया व न सनातन को। वे अपनी जड़ों से जुड़े रहे, सनातन से बंधे रहे।

राम एकता के वो सूत्र हैं, जो सबको बांधे रखता है। हिन्दुओं की सुबह 'राम-राम' से होती है और जीवन का सूर्यास्त भी 'राम नाम सत्य है' से होता है। स्वामी अड़गड़ानंद कह गए - रमन्ते योगिनाः यस्मिन स रामः। अर्थात जिसमें योगी रम जाएं वही राम हैं। हमारे यहां तो कोहराम में भी राम है। आराम में भी राम हैं और पूर्णविराम में भी राम है। बाकी जाकी रही भावना जैसी...।

दशहरा

डा. घनश्याम बादल

रामत्व की जीत का पर्व

हम मरने मारने में यकीन नहीं करते मगर, अन्याय और दहशतगर्दी के खिलाफ हम चुप भी नहीं रहते । ऐसा आज से नहीं सनातन काल से होता रहा है । यहां अच्छाई के प्रतीक राम भगवान मानकर पूजे जाते हैं तो बुराई के प्रतीक रावण को राक्षस रूप में जलाते हैं । इसीलिए अच्छाई की जीत व बुराई के नाश के प्रतीक रूप में दशहरे का पर्व आता है हर साल।

हर युग में अच्छाई के प्रतीक राम व दहशत वह अन्य पर पीड़क के पर्याय रावण जन्मे हैं। एक राम प्रवृत्ति होती है जो, सारे सुख त्याग, संसाधनहीन होने पर भी केवल आत्मबल और अपनी अद्भुत संगठन शक्ति के दम पर रावण प्रवृत्ति का संपूर्ण वंश के साथ नाश करती है। इसी सद्वृत्ति की जीत का जश्न है दशहरा। यदि राम सत्य व मर्यादा के प्रतीक हैं तो रावण अन्याय, छल व दहशत का प्रतीक है जो, साधनसंपन्न व ताकतवर होने पर भी लालच एवं दुष्प्रवृत्ति के कारण दूसरों के धन राज्य और स्त्री पर कब्जा करता है। दूसरों की मेहनत का फल आतंक के बल पर ले उड़ता है। मगर अंततः वेदों का ज्ञाता, महापंडित, तीनों लोकों का विजेता, काल को भी अपने काबू में कर लेने वाला यह महा वीर व विद्वान केवल इसलिए मारा जाता है कि वह शक्ति के मद में दूसरों को निरंतर पीड़ित करता है। दशहरा मनाने का यह भी एक बड़ा कारण है और इस बात का प्रतीक है कि आतंक कितना भी बलशाली क्यों ना हो जाए अंततः उसे धराशायी होना ही पड़ता है।

एक बड़ा प्रश्न उठता है कि आखिर राम ने रावण से युद्ध ही क्यों किया और एक विशाल राज्य के स्वामी, विशाल सेना ,पराक्रमी भाई व पुत्रों एवं विद्वान मंत्रियों के होते हुए भी रावण कैसे हार गया? राम की जीत के एक नहीं अनेक कारक थे। एक कारक राम का पराक्रम अपने आत्म सम्मान की लड़ाई के लिए पूरी ताकत झोंक देने का माद्दा था, तो दूसरा जिस पत्नी का हाथ सारे समाज के सामने थामा है उसके सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का दृढ निश्चय। दशहरा जो एक बहुत बड़ा संदेश देता है, वह है पति पत्नी के रूप में एक दूसरे के प्रति समर्पण एवं निष्ठा का अडिग भाव। राम जीत गए, रावण हार गया, मर गया। हर साल उसके पुतलों का दहन करके हम खुश भी होते हैं । मगर क्या आज रावण मौजूद नहीं है? यदि अपने चारों ओर निगाह डालकर देखें तो कदम-कदम पर अनेक तरह के रावण दिखाई देंगे। कहीं भ्रष्टाचारियों के रूप में तो कहीं बलात्कारियों के रूप में, कहीं हत्यारों के रूप में तो कहीं कमजोर एवं मजबूर लोगों के शोषक के रूप में यानी कह सकते हैं कि रावण अभी भी जिंदा है।

आज भी रावण वह है जिसे अपने संसाधनों, ताकत व सत्ता और बल का अहंकार है। जिसे अपनी अकूत संपत्ति के अजेय दुर्ग में रहकर कुछ भी कर लेने व किसी को भी अपमानित, लांछित करने, मारने, खत्म कर देने का घमंड है । रामायण काल का अहंकारी रावण सही सलाह देने वाले भाई को अलग कर देता है, तो अपराध में साथ देने ले कुंभकर्ण जैसे भाई व देवों तक को हरा देने वाले मेघनाद जैसे बेटों को भी वह मरवा डालता है। उसके काम न मायावी बेटे अहिरावण की माया व षड़यंत्र आते हैं, न ही सुरसा या कालनेमि जैसे मायावी उसे बचा पाते हैं । आज के दौर में भी यह सच है सही सलाह देने वाले एवं हितैषी लोगों को एक तरफ कर देने या कोने में खड़ी कर देने वाले लोग अंततः परस्त ही होते हैं। दूसरी तरफ राम बंदर भालुओं को एकत्र कर उसे न केवल परास्त कर देते हें अपितु उस समुद्र पर भी पुल बांध देते हैं, जिसे कभी कोई पार ही नहीं कर पाया था तब तक। जानते हैं ऐसा क्यों हुआ ? उस सारे पराक्रम व पतन के पीछे है नीयत का खेल, प्रवृत्ति व चिंतन का फर्क, अच्छे और बुरे के भेद का ज्ञान, अहंकार और चुनौती का सामना करने का जज़्बा। इन्हीं सब बातों को अपनाने हेतु प्रेरित करता है दशहरा। एक कुत्सित प्रवृत्ति के रूप में रावण को मारने व भोलेपन और सद्प्रवृत्ति की प्रतीक सीता की रक्षा के लिए किसी भी तरह से संसाधन जुटाने व व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता का संचार करने का दूसरा नाम है दशहरा।

यह दशहरा भी है, दंशहरा भी व दशहारा भी। दस प्रकार के पापों-काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा व चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है।

मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में आएगी समरसता

संकलित

दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता

संकलित

प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी।

अंतर्मन

आज की पाती

नवाज की स्वदेश वापसी भारत के लिए फायदेमंद नहीं

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ चार साल बाद स्वदेश लौट आए है। नवाज शरीफ से भारत को कोई विशेष उम्मीद नही है। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में निमंत्रण पर भारत आए नवाज शरीफ के साथ भारत के राजनयिक रिस्ते मजबूत करने के लिए भारत ने बहुत प्रयास किया। लेकिन नरेंद्र मोदी को झांसा देने में नवाज शरीफ सफल तो हो गए, लेकिन इस गुस्ताखी के बाद मोदी ने पाकिस्तान पर कभी भी भरोसा नही किया और अब पाकिस्तान का नाम तक नही लेते है। पाकिस्तान हर समय भारत को अंधेरे में रखने का काम करता आ रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कश्मीर समस्या की बातचीत के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति मुसर्रफ को भारत से निमंत्रण भेजा था। परवेज वार्ता के लिए भारत आए भी थे। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

करंट अफेयर

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने किया कैबिनेट में पहला फेरबदल

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को अपनी कैबिनेट में पहला फेरबदल करते हुए दो मंत्रियों के विभाग बदल दिए। उन्होंने विपक्ष की इस आलोचना के बीच यह कदम उठाया है कि उनकी योजना नकदी संकट से जूझ रहे देश में अगले साल होने वाले चुनावों को स्थगित करने की है। स्वास्थ्य मंत्री केहेलिया रामबुकवेला को अब पर्यावरण विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। उनके कामकाज के तरीके को लेकर कई हफ्तों से जनता में असंतोष था। रामबुकवेला (69) के खिलाफ अक्षमता, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने संसद में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी पेश किया था लेकिन वह उसमें बच गए थे।

ऑफ बीट

कार्बन उत्सर्जन घटाने में हाइड्रोजन मददगार

धरती के बढ़ते तापमान पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कार्बन उत्सर्जन को घटाने की संभवतः बड़ी समस्या से जूझ रही दुनिया के लिए, ब्रह्मांड में बहुतायत में पाया जाने वाला एक तत्व मददगार साबित हो सकता है और यह तत्व है हाइड्रोजन। हाइड्रोजन कुछ उद्योगों के लिए कार्बन घटाने का एक प्रभावी समाधान प्रदान कर सकता है लेकिन ऐसा केवल तब ही होगा जब इसे इस तरह से बनाया जाए जिससे उत्सर्जन न हो। पानी के अणुओं में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं। इन अणुओं में विभाजन करने के लिए अक्षय ऊर्जा का उपयोग कर ग्रीन हाइड्रोजन बनाया जाता है तथा इस प्रक्रिया को इलेक्ट्रोलिसिस कहा जाता है।

ट्रेंड

किसान हितैषी नेता थे भैरों

राजस्थान के सिंह, बाबोसा और लोगों में प्यार से भैरों बाबा के नाम से प्रसिद्ध पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. श्री भैरों सिंह शेखावत जी की जन्म शताब्दी पर उन्हें कोटिशः नमन! वे किसान हितैषी राजनीति के पुरोधा थे। वह सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।

- जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

भैरों दूरदर्शी नेता थे

आज 23 अक्टूबर को आदरणीय राजनेता भैरों सिंह शेखावत की 100वीं जयंती है। भारत हमेशा उनके अनुकरणीय नेतृत्व और देश की प्रगति की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए उनका आभारी रहेगा। भैरों सिंह दूरदर्शी नेता और प्रभावी प्रशासक थे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

मध्यवर्ग की आय घटी

वर्ष 2014 से 22 के आयकर रिटर्न के आंकड़ों के विश्लेषण में सबसे अमीर लोगों और मध्यम वर्ग के बीच बढ़ती खाई स्पष्ट रूप से नज़र आ रही है। वित्त वर्ष 2019 से 2022 के दौरान अमीरों की आय बढ़ी तो मध्यम वर्ग की आय घट गई।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

इंसाफ के लिए हम सब साथ

आजम खान जी के परिवार को जिस प्रकार प्रताड़ित किए जाने का कुचक्र चल रहा है वो बेहद निंदनीय है। परिवार के सदस्यों को अलग-अलग (जेलों में) करना उम्र के तक़ाज़े से जायज नहीं। इंसाफ के लिए उनके संघर्ष में हम सब साथ खड़े रहे हैं।

-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

संक्षेप

दवा लेने गई किशोरी हुई लापता, केस दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पशपुरवा तकिया निवासिनी 16 वर्षीय लक्ष्मी देवी के लापता होने की तहरीर स्थानीय थाने पर दी गई है। अपहृता के दादा दौलत राम ने पुलिस को दिए तहरीर में कथन किया है कि उनकी सोलह वर्षीय नातिन लक्ष्मी देवी सुबह घर से दवा लेने बुड़नी चौराहे पर गई थी, जहां से वापस घर नही लौटी। काफी खोजबीन करने पर भी कहीं पता नही चल रहा है। थाना अध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर अगली कार्यवाही की जा रही है।

सुल्तानपुर में बेटे ने पिता को गला दबाकर मार डाला

सौतेले भाई के नाम जमीन करने से था नाराज, तीन दिन पहले मुंबई से आया था

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में शराब के नशे में बेटे ने बाप से गाली गलौज की। मारपीट की और गला दबाकर मार डाला। बताया जा रहा है कि आरोपी के पिता ने दो शादी कर रखी थी। कुछ साल पहले उन्होंने पहली पत्नी से अपने इकलौते बेटे के नाम ढाई बिस्वा जमीन कर दिया था। हालांकि पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर आरोपी को तलाश कर रही है। घटना दोस्तपुर थाना क्षेत्र के साहिलवा गांव की है। जहां बीती देर रात मोहम्मद हबीब (70) पुत्र आलम अली की पुत्र मुख्तार शेख ने गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मुख्तार मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। तीन दिन पूर्व ही वो वहां से घर पर आया था। बीती रात वो बाहर से शराब पीकर घर में आया और जमीन को लेकर पिता से उलझ गया। बाप-बेटे में बहस शुरू हुई। गाली गलौज के बाद नौबत हाथापाई तक आ गई। उसने पिता का गला दबाया और जब वो मरणासन्न हो गए तो वो मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने दोस्तपुर पुलिस को घटना की सूचना दी। थानाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। बताया जा रहा है कि मृतक मोहम्मद हबीब ने दो शादी कर रखा था। पहली पत्नी से एक पुत्र है। जबकि दूसरी पत्नी से एक पुत्र और तीन लड़कियां हैं। जिनमें दो लड़की की वो शादी कर चुके हैं। एक शादी के लिए बची है। मोहम्मद हबीब के पास 6 बीघा पैतृक जमीन थी। जिसमें से तीन साल पहले उन्होंने पहली पत्नी के लड़के के नाम ढाई बीघे की जमीन का बैनामा कर दिया।

सुल्तानपुर में सड़क हादसे में एक की मौत

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में काम से वापस घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर भी दो युवक सवार थे। ऐसे में चारों युवकों को गंभीर चोटें आईं।

भारत माता के नारों के बीच गन्तव्य की ओर रवाना हुआ अमृत कलश रथ

- सांसद बहराइच ने मुख्य विकास अधिकारी संग कलश रथ को दिखायी झण्डी
- नोडल अधिकारी के नेतृत्व में स्वयं सेवकों संग रवाना हुए 23 अमृत कलश

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। भारत की आजादी के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 मार्च, 2021 को साबरमती के तट से प्रारम्भ हुआ। आजादी का अमृत महोत्सवअन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्राआमजन को भारत की विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू कराते हुए अन्तिम चरण में प्रवेश कर गई है। आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में चलने वाले इस राष्ट्रव्यापी भव्य एवं औलोकिक कार्यक्रम का समापन देशभर से मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्राके चरम के साथ 30 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर किया जाना प्रस्तावित है। मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्राअन्तर्गत जनपद के 14 विकास खण्डों तथा 08 नगर निकायों से एकत्रित किये गये 23 अमृत कलशों को सुसज्जित वाहन में रखकर स्वयंसेवकों के साथ प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए रवाना किया गया। जहां पर गोमती तट पर स्थित झूलेलाल पार्क (अमृत वाटिका) में मुख्यमंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में भवय कार्यक्रम सम्पन्न होगा। तत्पश्चाप अमृत कलश अपने अन्तिम पड़ाव देश की राजधानी दिल्ली के लिए रवाना होंगे। जहां पर 30 अक्टूबर को आयोजित भव्य कार्यक्रम में आजादी का अमृत महोत्सवअभियान का समापन होगा। मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ भारत की जय के गगन भेदी नारों के बीच हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से अमृत कलश रथ को प्रदेश की राजधानी के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र कुमार द्विवेदी, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, क्रीड़ाधिकारी नीरज मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह, रिसिया के विनोद यादव, महसी के हेमन्त यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। जनपद से रवाना हुए कलश रथ का नेतृत्व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह करेंगे।कलश रथ में जिले के समस्त 14 विकास खण्डों व 08 नगर निकायों का नेतृत्व नेहरू युवा केन्द्र के चयनित स्वयं सेवकों द्वारा किया जायेगा।

महिला सशक्तीकरण के अंतर्गत सावित्री बाई नारी संघ ने किया सहभोज

आओ जातिवाद पर घात करें, जाति को भूल इंसानियत की बात करें

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र के भखरौली मुंगेशपुर के बम्भीवा कंपोजिट विद्यालय में सहभोज कार्यक्रम में हर तरफ समरसता की एक साथ हवा चली। इसी क्रम में संस्था प्रमुख किरण बैस ने जातिवाद, छुआ छूत पर घात करके समाज में समरसता लाने का सहभोज को सबसे अच्छा माध्यम बताया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ खाने के लिए नही बल्कि सभी जाति, धर्म, लिंग के लोग एक साथ बराबरी में उठे, बैठें, साथ काम करे ऐसा उद्देश्य सभी के मन में होना चाहिए और जो महिलाये समाज में सालों से कार्य कर रहीं हैं किंतु समाज में फैली हर तरह की कुरीतियों को मिटाने का प्रयास करती रहीं हैं उन्हे मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा। परियोजना समन्वयक अर्पिता सिंह ने बताया कि वो सुबह से ही महिलाओं को एक साथ काम करने, साथ बैठने, साथ खाने के लिए प्रेरित कर रहीं थी। नमन और सोनी ने बताया कि वो जब क्षेत्र में महिलाओं को सहभोज के बारे में आर्मंत्रित की तो कोई साथ बैठने एवं सहभोज के लिए तैयार नहीं हुआ। परंतु इन लोगों ने लगातार महिलाओं को प्रोत्साहित कर सभी नारी संघ की महिलाओं को तैयार कर लिया। आज एक नारी संघ ने दूसरे नारी संघ को आमंत्रित करके बुलाया था ताकि ये लोग भी देख कर अपने पंचायत में ऐसा कार्यक्रम करेंगी जिससे समाज में फैले भेदभाव को खत्म कर आगे बढ़ने की एक पहल होगी।नारी संघ से उषा देवी ने ₹आओ मेरी बहनों संगठन बनाओ₹ गीत गाकर कार्यक्रम में जान डाली। अपराजिता ने ग्राम के सभी प्रतिनिधियों का सहभोज में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया। ग्राम प्रधान ने अपराजिता को उनके गांव में ऐसे कार्यक्रम करते रहने के लिए सराहना की। इस प्रकार नारी शक्ति जिंदाबाद।, आवाज दो हम एक हैं के नारे से महिलाओं ने अपनी एकता का प्रदर्शन किया। जिसमें ग्राम प्रधान राम टहलू, प्रधान प्रतिनिधि वेदप्रकाश, सचिव राकेश कुमार वर्मा , हेड मास्टर मुआसिर, वीडीसी राजेंद्र कुमार सिंह, अध्यापक रत्नेश, आशीष कुमार सामाजिक कार्यकर्ता, राम प्रकाश, पांच शीला, आंगनवाड़ी नीलम, आशा शैल कुमारी, कार्यकत्री रेखा, नारी संघ की समस्त महिलाएं,किशोरी, सी एल ओ नमन, सोनी, बीआरपी जितेंद्र कुमार आदि ने कार्यक्रम में भागीदारी की।

एससी/एसटी एक्ट के तहत वांछित अपराधी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विशेश्वरगंज पुलिस द्वारा थाना अध्यक्ष सूरज कुमार राना के कुशल नेतृत्व के चलते एक वांछित अपराधी को धर दबोचा गया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार अपराध संख्या 349/23 धारा 306,504,506 आईपीसी तथा एससी/एसटी एक्ट के तहत वांछित अपराधी जोखू पुत्र हाफिज उल्ला निवासी महादेव परसिया को पुलिस टीम द्वारा श्रीनगर चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक राधेश्याम यादव,का अनिल चौरसिया, व मुकेश पाठक शामिल रहे।

आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन, लोगों में दिखा उत्साह

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबा परमहंस कुट्टी बाबागंज ग्राउंड में हर साल की तरह इस वर्ष वीते गुरुवार ऐतिहासिक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा। लोगों ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कर सुख समृद्ध के लिए प्रार्थना की। क्षेत्र के कई स्थानों पर रावण कों दहन किया गया। आतिशबाजी के बीच हुए रावण दहन में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। बताते चले राम लीला कमेटी बाबागंज अध्यक्ष मोहित सोनी और महामंत्री आदेश गुप्ता के देखरेख में आयोजित विजय दशमी समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि हजारों साल बाद भी श्रीराम के आदर्श आज भी जीवंत है। सच्चाई के प्रतीक मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने बुराई पर विजय पताका लहरा कर यह बता दिया है कि युगों - युगों तक हमेशा सच्चाई की विजयी होंगी। लोगों में उत्साह देखने कों मिला। इस वर्ष लगभग 25 फीट ऊंचा रावण का पुतला बनाया गया था। देर शाम राम लक्ष्मण व रावण से युद्ध हुआ। जिसमे रावण कों पराजय का सामना करना पड़ा। जिसमे रावण की हार हुई और बाद में प्रतीकात्मक रावण के पुतले का दहन किया गया। पुलिस प्रशासन भी भारी भीड़ कों संभालने के लिए क्राइम इस्पेक्टर वृजेंद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक बिहारी यादव, चौकी इंचार्ज बाबागंज रामगोविन्द वर्मा, आरक्षी भरत यादव सहित ललित यज्ञसैनी, विष्णु चौरसिया, गोविन्द गुप्ता, आदर्श जायसवाल, गौतम पुरी, प्रीतम गुप्ता, वैभव सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, विनोद गिरि, हरीराम आर्य, उत्तम कुमार, रमेश सोनकर, गजराज सोनकर उपस्थिति रहे।

विधायक ने किया काली माता मंदिर का लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। विकास खंड विशेश्वरगंज अंतर्गत कैलाश नाथ द्विवेदी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के विशेष सहयोग से निर्मित काली माता मंदिर का भव्य लोकार्पण पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कैलाश नाथ द्विवेदी के अथक प्रयास से काली माता मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर को आने जाने वाले रास्ते दुरुस्त है, जहां श्रद्धालुओं को आने जाने में काफी सुविधा होगी। लोकार्पण के समय विजय शंकर दूबे,आनंद पांडेय,अंजनी मिश्र ,पवन शुक्ल,संजय दूबे ,चित्रकेश दूबे सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

सुल्तानपुर में बीजेपी जिला मंत्री पर हमले का मामला

- कॉलेज प्रबंधक व उनके पुत्र समेत 4 पर एफआईआर, राजनैतिक रंजिश चल रही थी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में सोमवार की रात भाजपा के जिला मंत्री राजेश सिंह पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें वे बाल-बाल बच गए। इस मामले में अखंडनगर पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर पर एक कॉलेज के प्रबंधक, उनके पुत्र व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। राजनैतिक रंजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है, ऐसा जिक्र तहरीर में हुआ है। अखंडनगर थाना अंतर्गत राहुल नगर बाजार में भाजपा नेता की किराने की दुकान है। सोमवार की शाम वे उस पर बैठे थे। उनका भाई भी अंदर दुकान पर माल लगा रहा था। उसी समय बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की लेकिन निशाना मिस हो गया और गोली जाकर दुकान के शीशे व एल्मुनियम के दरवाजे में लगी। जिसमें भाजपा नेता बच गए। एसपी सोमेन बर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। भाजपा नेता ने थाने पर तहरीर दी। उन्होंने कॉलेज प्रबंधक राणा अजीत सिंह व उनके पुत्र अभिजीत प्रताप सिंह व दो अन्य के खिलाफ तहरीर दी थी। भाजपा नेता ने तहरीर में उल्लेख किया है कि उनकी पत्नी ग्राम प्रधान हैं। राणा अजीत मेरे गांव में कॉलेज चलाते हैं। 12 अक्टूबर को एक मामले में तहसीलदार व एसओ आए थे। वहां पर मैं बोल रहा था तो वे मुझे गाली दिए फिर अधिकारियों के जाने के बाद धमकी देकर गए थे। अब ये घटना घटित हो गई। उधर चर्चा ये भी गर्म है कि ये सब तैयार स्क्रिप्ट है। इसके जरिए सरकारी गनर लेने की जहां कवायद की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ राणा अजीत से लंबे अंतराल से राजनैतिक विरोध चला आ रहा है। जिसको लेकर उन्होंने घटना को दूसरा रूप दे दिया।

सुल्तानपुर में ऐतिहासिक मेले में लगाया गया सहायता शिविर

कई जनपदों से पहुंचती है लोगों की भीड़, मन मांगी मुराद पूरी होने की है मान्यता

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर जनपद के जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के मोतिगरपुर ब्लॉक में विजयदशमी पर लगने वाला ऐतिहासिक पांडेय बाबा मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। गैर जनपद के श्रद्धालु और दशार्नानियों की भीड़ जय धरमंगल पांडे बाबा के दर्शन के लिए पहुंचती है। ऐतिहासिक मेले में दर्शनानियों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने ऐतिहासिक मेले में सहायता शिविर का आयोजन कर 22 वर्षों की परंपरा को बरकरार रखा। 2 दिन तक चलने वाले ऐतिहासिक मेले में जहां प्रशासनिक अमला चाक चौबंद है तो वहीं श्रद्धालुओं का खासा ध्यान रखते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने सहायता शिविर का आयोजन किया। ज्ञात हो कि जय धरमंगल पांडेय बाबा के नाम से मशहूर पांडे बाबा धाम में लोग अपने पशुओं और परिजनों के बेहतर जीवन, लंबी आयु और स्वास्थ्य के लिए पांडे बाबा के दरबार में आकर पूजन-अर्चन करते हैं। यहां मेला तो विजयदशमी के दिन लगता है, लेकिन भक्तों की भीड़ और मनौतियां मानने वालों की भीड़ पूरे साल भर रहती है। बाबा के स्थान पर भक्त कौड़ी, धान व कड़ाही चढ़ाते हैं। मेले में आयोजित सहायता शिविर के आयोजक कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा द्वारा बताया गया कि प्रदेश भर से आए श्रद्धालुओं और दर्शनानियों का खास ध्यान रखा जा रहा है उन्हें दर्शन करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मेले में कैंप लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि मेले में श्रद्धालुओ को जलपान एवं सुरक्षा के दृष्टिगत से उनके सामानों की सुरक्षा अथवा मेले में पांडे बाबा की आखिरी दर्शन के लिए आए दिव्यांग श्रद्धालु और दर्शनानियों की सहायता शिविर के माध्यम से मदद की जाती है। यह परंपरा 22 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। मेला सहायता शिविर में जनपद के निवासी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव बीपी सिंह ने भी शिरकत की। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी, हर्ष नारायन मिश्र, कृष्ण कुमार मिश्र मुन्नू, लक्ष्मी कांत मिश्र, जय प्रकाश पाठक, ओमप्रकाश त्रिपाठी चौटाला आदि मौजूद रहे।

मिल्कीपुर में निकला 10 फीट लंबा अजगर

- 50 किलो था वजन, वनकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ कर बकचुना जंगल में छोड़ा

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में धान की कटाई कर रहे मजदूरों के उस वक्त होश उड़ गए, जब उसे विशाल अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखकर मजदूर भाग खड़े हुए। शोर मचाकर खेत में काम कर रहे अन्य मजदूरों को सूचना दी। जिससे वहां भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ कर बोरी में भर लिया। वन कर्मियों ने बताया कि पकड़े गए अजगर को बकचुना जंगल में छोड़ा जाएगा। थाना कुमारगंज क्षेत्र के खंडासा बहादुरगंज मार्ग स्थित कमला मंटेश्वरी पब्लिक स्कूल के सामने शिवनाथपुर गांव निवासी किसान हरीनाथ पाण्डेय के खेत में मजदूर धान की फसल काट रहे थे। तभी एक मजदूर की नजर खेत में बैठे अजगर पर पड़ी। शोर मचाकर खेत में काम कर रहे अन्य मजदूरों को बताया। जानकारी मिलने की बात खेत में काम कर रहे अन्य मजदूर खेत मालिक हरिनाथ को सूचना देते हुए हिम्मत कर उस जगह पर पहुंचे जहां अजगर बैठा हुआ था। लोगों ने अजगर को खेत से हटाने का प्रयास किया, तो अजगर जोर-जोर से सांस लेने लगा। लोग डर के मारे काफी दूर जाकर खड़े हुए। लेकिन अजगर उस जगह से नहीं हटा। वहीं धान के खेत में अजगर होने की सूचना जैसे ही क्षेत्र के लोगों को पता चला, तो उसको देखने के लिए बड़ी की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। वहीं इसकी सूचना खेत मालिक ने वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के वीट प्रभारी तथा वनकर्मी अमरनाथ, शिव कैलाश, त्रिभुवन ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ा और बोरी में बंद कर दूर ले जाकर बकचुना जंगल में छोड़ा दिया। वन विभाग कुमारगंज के वीट लोकेश शर्मा ने बताया कि अजगर की लंबाई लगभग 10 फीट थी।

अयोध्या में अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

2 युवकों की मौत, ढाबे से खाना खाकर निकले थे, घर जा रहे थे

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, अयोध्या के थाना कुमारगंज क्षेत्र में मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद फरार हो गया। जिससे बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों लोग प्रताप ढाबा से भोजन कर वापस कुमारगंज लौट रहे थे। वहीं दो युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। यह दुर्घटना कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के गेट नंबर 1 से लगभग 50 मीटर दूर नेशनल हाइवे 330 ए पर हुई। पुलिस अब हादसे को अंजाम देकर भागने वाले वाहन की तलाश कर रही है। किसी राहगीर द्वारा डायल 112 पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी गई थी। जानकारी मिलने के बाद एनडीए चौकी प्रभारी संतोष मौर्या पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाइक सवार दोनों युवक खून में लथपथ पड़े थे। तत्काल उपचार के लिए युवकों को 100 शैय्या अस्पताल कुमारगंज ले गए जहां इमरजेंसी में मौजूद डॉ. विकास यादव ने देखने के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही थाना कुमारगंज प्रभारी निरीक्षक संजीव सिंह पुलिसकर्मियों के साथ अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाइक को भी कब्जे में ले लिया है। दोनों मृतकों की पहचान नगर पंचायत कुमारगंज के ही रहने वाले शुभम पाठक 28 वर्ष तथा सुनील कुमार मौर्या पुत्र मोतीलाल मौर्या 25 वर्ष बवां कुमारगंज के रूप में हुई है।

सरयू नदी में डूबने से बचाए गए 11 लोग

- दशहरा पर अलग-अलग जगह मूर्ति विसर्जन करते समय हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, अयोध्या में 4 अलग-अलग घटनाओं में सरयू में डूब रहे 11 लोगों को जल पुलिस ने सरयू नदी में डूबने से बचा लिया। पहली घटना दशहरा के दिन शाम को कच्चा घाट पर हुई जिसमें एक युवा मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबने लगा। वजीरगंज गोंडा निवासी सूरज चौहान उम्र 22 साल को जल पुलिस ने अपनी तत्परता से बचा लिया इसी दिन इसी तरह की एक अन्य घटना रात 11 बजे के बाद हुई। इस घटना में गोंडा जिले के चार युवक जिनकी आयु 25 से 35 के बीच थी। इनमें से एक युवक डूबने लगा तो उसे बचाने गए तीन अन्य भी डूबने लगे।सभी को जल पुलिस ने बचा लिया। तीसरी घटना आज सुबह 10 बजे के आसपास हुई। अंशु गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता उम्र करीब 10 साल नहाते समय सरयू मे डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए पिता सुनील गुप्ता नदी में कूद गया और दोनों डूबने लगे। जल पुलिस ने दोनों को बचा लिया। यह परिवार छत्तीसगढ़ का था। इस परिवार नाविकों और एसडीआरएफ ने बचाया। नाविकों में लालजी मांझी, कपिल मांझी, सतीश मांझी. धनिश मांझी, दिलीप मांझी और पुलिस मित्र नीरज तिवारी का सहयोग रहा। चौथी घटना सरयू के पुराने पुल के पास हुई जिसमें 30 से 40 आयु वर्ग के चार युवक सरयू स्नान कर रहे थे। इसमें सुरेश उम्र करीब 35 साल डूबने लगे तो उन्हें बचाने के लिए गए 3 अन्य साथी डूबने लगे। पहले से तत्पर जल पुलिस ने सभी को बचा लिया। यह सभी फतेहाबाद के बताए जा रहे हैं। पीड़ितों ने जल पुलिस के साहस और तत्परता की जमकर तारीफ की है। इन सभी घटनाओं में शामिल जल पुलिस की टीम में प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य, कांस्टेबल नित्यानंद यादव, कांस्टेबल सचिन पाल, कॉन्स्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल कमरुद्दीन,कांस्टेबल सुधीर सिंह, कॉन्स्टेबल मनोज पाल, कांसटेबल पंकज पाल का सराहनीय योगदान रहा।

संक्षेप

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हुई श्रुत लेख प्रतियोगिता

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर।जनपद के डायट प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक नसरुद्दीन अंसारी के निदेर्शानुसार जनपद के सभी विकासखंडों के लिए डायट स्तर पर श्रुत लेख प्रतियोगिता संपन्न कराई गई इस प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया सभी विकासखंडों से चार-चार छात्र प्रतिभागी बनाए गए प्रतियोगिता में अन्य विकासखंडो के साथ अमौली विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय साल्हेपुर की कक्षा 5 की छात्रा गरिमा सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्हारनपुर के कक्षा 8 का छात्र अभिमन्यु कंपोजिट विद्यालय अमौली की कक्षा 5 की छात्रा फरीन तथा कक्षा 8 की छात्रा वैष्णवी ने प्रतिभाग किया विकास खंड से कंपोजिट विद्यालय अमौली की सहायक अध्यापिका प्रतिमा उमराव तथा प्राथमिक विद्यालय साल्हेपुर की शिक्षामित्र प्रतिमा देवी के सानिध्य पर बच्चे डायट कार्यालय पहुंचे और प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में अमौली विकासखंड के साल्हेपुर प्राथमिक विद्यालय की गरिमा सिंह ने जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया वहीं अन्य सभी बच्चों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर डायट प्राचार्य नसरुद्दीन अंसारी के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव डायट मेंटर संजीव सिंह अमृत कुमार यादव समेत शिक्षा विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे

बिहार शिक्षक भर्ती में दुर्गेश मिश्र का चयन

भाटपार रानी,देवरिया।क्षेत्र के इंदू बलिराम सिंह इंटर कॉलेज पिपरा बघेल में कार्यरत बिहार प्रान्त के गोपालगंज जिले के भोरे प्रखण्ड अंतर्गत कोरेया दीक्षित निवासी वित्तविहीन शिक्षक दुर्गेश कुमार मिश्र का चयन बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा में हो गया है।उनके शिक्षक पद पर चयनित होने पर उनके विद्यालय के प्रबन्धक बलिराम सिंह,सुगम्बर सिंह,सुजित सिंह बघेल,राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, साबिर अली सहित समाजसेवी जटाशंकर सिंह,डॉक्टर राजेश दीक्षित,कवि व शायर मकसूद अहमद भोपतपुरी, मार्कण्डेय तिवारी, वीरेश सिंह,आशुतोष सिंह राज आदि ने बधाई दी है।

सीतापुर में खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस

चालक की गई जान, बस के आधे हिस्से के परखच्चे उड़े, सभी 14 यात्री सुरक्षित बचे

सीतापुर, सीतापुर में बीती रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां यूपी परिवहन निगम की बस हादसे का शिकार हो गई। यात्रियों को लेकर जा रही रोडवेज बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बस चालक और बस कंडक्टर को गंभीर चोटें आई हैं।

तहसील स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी कबड्डी खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खेल से शारीरिक, मानसिक ,बौद्धिक विकास होता है - युधिष्ठिर सिंह

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत क्षेत्र स्थित के बाबा अमृत दास इंटर कॉलेज जोगिया पाली सहजनवा गोरखपुर के प्रांगण में तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह थे ।इन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए खेल अति आवश्यक है, खेल से शारीरिक ,मानसिक एंव बौद्धिक विकास होता है। विशिष्ट अतिथि वैदिक धर्म इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर मिश्र थे ,इन्होंने कहा कि पठन-पाठन के साथ खेल अति आवश्यक है, खेल से बच्चों में आपसी सद्भावना एवं अनुशासन जागृति होती है। इस खेल प्रतियोगिता में भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज सहजनवा ,मुरारी इंटर कॉलेज सहजनवा,जेपी मौर्य इंटर कॉलेज बिजैवा, वैदिक धर्म इंटर कॉलेज डुमरी निवास, इंटर कॉलेज खानिमपुर ,कैप्टन रामदास इंटर कॉलेज बनौली, बाबा राम अमृत दास इंटर कॉलेज जोगिया पाली, आदि विद्यालयों के बच्चों ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिए ।इस कबड्डी प्रतियोगिता में मुरारी इंटर कॉलेज सहजनवा की टीम विजेता रही, वही वैदिक धर्म इंटर कॉलेज डुमरी निवास उपविजेता रही ।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने उपस्थित अतिथियों एवं सभी टीम और छात्र-छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आशुतोष कुमार शाही ,सिद्धार्थ शंकर मिश्रा ,शारीरिक शिक्षक जय गोविंद सिंह, हृदेश रावत, मनोज सिंह आदि तहसील के समस्त खेल शिक्षक और विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी खेल में अपना योगदान प्रदान किए।

दुर्गा प्रतिमा देखने जा रहे किशोर को पीटा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के नौसढ निवासी एक किशोर जो बुधवार की रात्रि में दुर्गा प्रतिमा देखने जा रहा था। कि गांव का एक मनबढ उसे रास्ते में रोक कर लोहे के रॉड से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ निवासी मेवालाल पुत्र रामदरश का लड़का राज बुधवार की रात्रि में 12 बजे के करीब दुर्गा प्रतिमा देखने जा रहा था।उसी दौरान गांव का एक युवक उसे रोक लिया और गाली गलौज करते हुए लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी अपराधिक किस्म का है। वर्तमान समय में जेल से छूट कर आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सोनू निषाद पुत्र प्रमोद निषाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बस की टक्कर से छात्रा घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के अटल नगर मोहल्ला पिपरी निवासी रामनाथ कन्नौजिया की 16 वर्षीय पुत्री सबिता शुक्रवार की सुबह बस की चपेट में आने से डुमरी चौराहे के पास गंभीर रूप से घयल हो गई । मौके पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार में भर्ती कराया गया, जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। सबिता घघसरा स्थित कोचिंग सेंटर से सायकिल द्वारा घर लौट रही थी कि बस की टक्कर लगने से सड़क पर गिर गई। उसकी कमर व सीने में गंभीर चोट लग गई है। डाक्टरों के अनुसार उनकी कमर की हड्डी में क्रेक हो गया है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित ये सभी के लिए इसमें भेदभाव नहीं -चंचला शुक्ला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत आज भाजपा महिला मोर्चा जिला गोरखपुर के तरफ से विधानसभा कैंपियरगंज में भरोहिया ब्लॉक पर महिला सम्मेलन आयोजित की गई जिसकी मुख्य वक्ता राज्य महिला आयोग के सदस्य अर्चना चंद्रा रही। इन्होंने कहा कि इस बिल पारित होने पर समाज के सभी वर्गों की महिलाओं का सम्मान हुआ है और इस महिला सम्मेलन में अभिनंदन करते हुए उन्होंने बताया कि जात-पात धर्म जाति सभी से अलग हटकर है यह बिल सभी के लिए समान है और इससे महिला बाहर से लेकर घर तक सभी कार्य देख रही है और अपने अच्छे कार्य का परचम लहरा रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह जिला उपाध्यक्ष शेषमणि तिवारी भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष चंचला शुक्ला विधानसभा संयोजिका और महिला मोर्चा की क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य ममता जायसवाल जिला मंत्री कात्यानी पांडे जी भरोहिया की ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर सुनीता सिंह पीपीगंज की मंडल अध्यक्ष गौरी देवी मंडल संयोजिका अर्चना छापड़िया ,सुमन तिवारी , मिडिया प्रभारी प्रिया कुमारी शुक्ला तथा भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

बाल यौन शोषण पर रोकथाम को कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में समाधान अभियान की तरफ से बाल यौन शोषण पर रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाधान की डायरेक्टर श्रीमती सौम्या उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती शीलम वाजपेयी ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का अभिनंदन करने के बाद समाधान अभियान के उद्देश्य, बच्चों के लिए सुरक्षा चक्र तथा समाधान अभियान की सफलता के बारे में बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती सौम्या ने कहा कि बाल यौन शोषण पर रोकथाम बेहद जरूरी है क्योंकि इसका अवसर व्यक्तित्व विकास पर पड़ता है। नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ डीएस अजीथा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में श्वेता अल्बर्ट, शुभम, अनामिका जायसवाल आदि का सक्रिय योगदान रहा।

टेसू अक्कड़ करे ,टेसू बक्कड़ करे

बांट चतुर्दशी को घर-घर पहुंचे टेशू झोलियाँ

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत खजुहा कस्बे में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा टेसू कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसमें बच्चे घर घर जाकर टेसू कार्यक्रम प्रस्तुत करते है टेसू कार्यक्रम के बारे में कई किदवंती है इसमें से एक टेसू और झेंझी, वह दो शख्सियत जिनकी शादी के लिए बच्चे घर-घर जाकर रुपए एकत्रित करते हैं, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही टेसू को एक षड़यंत्र के तहत मौत के घाट उतार दिया जाता है। हर किसी को इस कहानी के आगाज लेकर अंत तक का पता है, लेकिन इसके बाद भी इसे युवा पूरी शिद्दत के साथ खेलते हैं। इसे लड़के और लड़कियां की टोली टेसू और झेंझी को लेकर घर-घर जाकर रुपए एकत्रित करते हैं। यह महाभारतकालीन परंपरा शहर में आज भी जीवित है। हालांकि अंतर बस इतना आया कि अब यह कॉलोनी और सोसाइटी की जगह यह मोहल्ले और बस्ती में बची हुई है। यह एक खेल है जिसके माध्यम से शादी की रीति-रिवाज की शिक्षा दी जाती है।जानकार बताते हैं कि महाभारतकाल में कुंती के विवाह से पहले दो पुत्र हुए। इसमें से कुंती ने अपना एक पुत्र जंगल में छोड़ दिया, जिसका नाम बब्बरवाहन था। यह बड़ा होकर उपद्रव मचाने लगा। जिसका श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से सिर काट दिया, लेकिन अमृत पीने के कारण वह नहीं मरा। जब श्रीकृष्ण को पता चला कि विवाह बाद इसे मारा जा सकता है तो उन्होंने छल से इसका विवाह कराया, जिसके बाद उसका संहार किया, तब से यह खेल शुरू हुआ।

छात्रा को जबरन शादी करने के लिए धमकी दे रहा मनचला

अमन लेखनी समाचार

औंग, फतेहपुर। जनपद के औंग थाना क्षेत्र के एक गांव की बीटीसी कोर्स कर रही छात्रा को एक मनचले युवक ने शादी की धमकी दे डाली युवती के पिता ने नजदीकी थाना औंग में लिखित तहरीर देते हुए युवक ऋषभ पाल निवासी गांव तिवारीपुर थाना साढ जनपद कानपुर नगर के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बेटी बीटीसी की छात्रा है विद्यालय जाने पर बीच रास्ते में रोक कर युवक ऋषभ उर्फ दिलीप पाल अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जबरन विवाह की बात करता है पीड़ित पिता ने बताया कि जब उसे जानकारी हुई तो उसने स्वयं युवक से बात की तो उसने युवती के पिता को भी धमकी देते हुए कहा कि उसका कोर्ट में विवाह संपन्न हो चुका है जिसके लिए उसने 3 लाख रुपए भी छात्रा को दिए हैं पीड़ित पिता ने थाने में अपील करते हुए बताया कि यह आरोप निराधार है अपने द्वारा किए गए अपराध पर युवक पर्दा डालना चाहता है जिसके लिए बेटी के ऊपर कीचड़ उछाल रहा है थाना अध्यक्ष के निर्देशन पर उप निरीक्षक प्रकाश सिंह परिहार ने जांच प्रारंभ की वहीं जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही पीड़ित के बयान दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी

आयोजित संध्या शिविर में जागरूक हुए कृषक

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत खजुहा कस्बे के भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा खजुहा ने 26 अक्टूबर को सुलतानगढ़ में एक संध्या शिविर का आयोजन कियो इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बैंक से संबंधित उनके हित की सभी योजनाओं को उन तक पहुंचना है

इस शिविर में किसानों के हित से संबंधित घर घर केसीसी अभियान के बारे में बताया गया और साथ ही कृषि गोल्ड लोन ,डेयरी लोन आदि के विषय में विस्तृत और सरल ढंग से जानकारी दी गई इस शिविर में समय से भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को पुरुस्कृत करने का काम भी किया गयो इस शिविर के द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमे सफल होने वाले उपभोक्ताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया गयो सम्मानित उपभोक्ताओं में योगेश कुमार वर्मा, ज्ञान सिंह यादव ग्राम प्रधान सुलतानगढ,चंद्रप्रकाश को जागरूक उपभोक्ता के रूप में सम्मान प्रदान किया गयो इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा खजुआ के शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार साहू ,ज्ञान सिंह यादव, रत्नेश सिंह फील्ड ऑफिसर ,नमन जैन , शोएब आलम सहित कई बैंक अधिकारी,कर्मचारी वा उपभोक्ता गण मौजूद रहे

उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे के तहसील रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार यादव तहसीलदार अचलेश सिंह द्वारा मतदाता सूची के पुनः निरीक्षण का कार्य नवंबर माह के पहले और चौथे व दिसंबर माह के पहले शनिवार रविवार को विशेष अभियान के तहत नाम बढ़ाया और घटाया जाएगा । आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को तहसील रोड स्थित सोहनलाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार यादव तहसीलदार अचलेश सिंह ने मतदाता सूची पुनः निरीक्षण के कार्य का शुभारंभ करते हुए इंटर कॉलेज की छात्राओं को बताया की नवंबर माह के पहले और अंतिम शनिवार और रविवार व दिसंबर माह के पहले शविवार रविवार को वही 30 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित किया जाएगा ।वही एक विशेष अभियान के साथ मतदाता सूची में नाम बढ़ाए और घटाए जायेगे वही मौजूद छात्राओं को प्रत्येक वोट का महत्व बताया चाहे वह देश का प्रधानमंत्री हो या एक किसान सभी के मत का सामान्य महत्व है । वही आगे बताया की नाम बढ़ाने के लिए फॉर्म नंबर 6 और घटाने के लिए फॉर्म नंबर 7 और यदि कोई किसी स्थान से दूसरे स्थान पर रहने लगा तो उसके लिए फॉर्म नंबर 8 भरा जाएगा ।वही तहसीलदार ने बताया की मतदाता सूची एक बीएलओ और एक विद्यालय के पदाभित अधिकारी के पास रहेगी ।इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय, विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता राय, अध्यापिका मोनिका सिंह, मीनाक्षी, अंकिता सिंह नगर पालिका प्रधान लिपिक मनोज शुक्ला ,लेखपाल भान सिंह सहित सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही ।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम

27 अक्तूबर से 9 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिएआवेदन किया जा सकेगा।

26 दिसंबर तक मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी को किया जाएगा।

1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी लोग अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकेंगे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 से आवेदन करना होगा।

किसी मतदाता के नाम पर आपत्ति करने या नाम कटवाने के लिए फार्म 7 से आवेदन करना होगा ।

ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र पर अध्यात्मिक समागम का आयोजन

- श्री राम दरबार की आकर्षक झांकी सजाई गई, अपने मन के रावण को मारने का दिलाया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, प्रतिवर्ष दशहरे के अवसर पर रावण के पुतले का दहन करने के बावजूद मानवता के इस महाशत्रु का आकार प्रतिवर्ष बढ़ता ही जा रहा है ।शत्रु के पुतले का ही दहन किया जाता है। रावण के श्राप से मनुष्य का जीवन स्थापित होकर दुखी, अशांत और अधर्म के मार्ग पर भटक गया है।एक रावण हम सभी मनुष्य के अंदर भी है, जिसका दहन किया जाना निहायत जरूरी है।उक्त बातें राबर्ट्सगंज के विकास नगर स्थित ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र पर दशहरा के अवसर पर आयोजित अध्यात्मिक समागम में सेवा केंद्र की प्रमुख संचालिका बीके सुमन ने कही। उन्होंने कहा कि इस रावण से आपका सामना किसी भी गली-चौराहे पर हो सकता है। यह रावण भेष बदलने में बहुत माहिर है। इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है, किसी भी समय रूप बदलकर आत्मा रूपी सीता का हरण कर सकता है। रावण अर्थात मनुष्य के जीवन को नर्क बनाने वाले काम, क्रोध, मोह और अहंकार रूपी पांच मनोविकार। पांच विकार हमारी सुखमय जीवन-यात्रा के महाशत्रु हैं, जिससे मनुष्य का जीवन श्रापित हो जाता है। अपने अंदर छिपे हुए रावण को जानने और इसका दहन करने के लिए ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग का आवश्यक है। वर्तमान समय में स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर मानवीय माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं।

समाजवादी पार्टी ने वीरेंद्र सिंह वीरे को बनाया जिलाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, समाजवादी पार्टी ने बीरेंद्र सिंह वीरे को हरदोई जिले का जिला अध्यक्ष बनाया कार्य काताओं ने जाहिर की खुशी वीरे समाजवादी पार्टी के एक युवा एवं पार्टी में बहुत सालों से कार्य कर्ता के रूप में कार्य करते चले आ रहे हैं इन्हें कार्य करने की एक अलग पहचान है समाजवादी पार्टी का एक एक सिपाही अपने आप को एक अखिलेश समझता है वल्कि समझता नहीं अपितु माननीय पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव एवं पूर्व रक्षा मंत्री ने भी कहा था कि हमारे पार्टी का प्रतिएक कार्यकर्ता अपने में कमजोर न समझे वो अपने आप को अखिलेश समझें आज भी नेता जी इस धरती पर नहीं है परन्तु आज भी समाजवादी पार्टी उन्हीं के पद चिन्हों पर चल रही है पार्टी ने बड़े सूझ बूझ कर वीरे को हरदोई जिले का जिला अध्यक्ष बनाया है इसके पहले जीतेंद्र वर्मा जीतू जिला अध्यक्ष थे विजय यादव भरावन ब्लाक के किरला निवासी हैं ये भी समाजवादी पार्टी के एक सक्रिय सिपाही है कर्मठ एवं कर्मशील में कोई कमी नहीं है ये 15साल से बराबर समाजवादी पार्टी में जिला सजिव के रूप में कार्य करते आ रहे हैं इन्हें पद की कोई परवाह नहीं ये समाजवादी पार्टी को अपनी पार्टी समझते हैं

अनूपशहर में निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

- काली-महिषासुर के तलवारबाजी के पैंतरो को देखने उमड़ी भीड़, देर रात हुआ रावण का दहन

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर में मंगलवार देर शाम विजयदशमी के उपलक्ष्य में नवदेश्वर अखाड़े द्वारा खाटू श्याम के दरबार व निशान यात्रा के साथ भव्य काली शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें ध्रुव शर्मा ने काली तथा जतिन कश्यप ने महिषासुर का स्वरूप धारण किया। शोभायात्रा खलीफा अवधेश गर्ग के नेतृत्व में निकाली गयी। जोकि काली मठ से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए चामुंडा मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। काली-महिषासुर के तलवारबाजी के पैंतरो को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। निशान यात्रा काली मठ से प्रारंभ होकर मोहल्ला केदार शाह स्थित खाटू श्याम मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। कई दिन तक चले राम-रावण युद्ध के बाद अंततः दशानन का अट्टहास शांत हुआ। विभीषण की सलाह पर जैसे ही राम ने एक साथ 32 सर संधान किए, दशकंधर धराशाई हो गया। रामलीला मैदान में रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। हजारों की भीड़ बुराई और असत्य के इस अंत की साक्षी बनी। पूरा वातावरण आतिशबाजी के नाद और राम के जयकारों से गूंज उठा। अनूपशहर कस्बे में अहारगेट स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार देर शाम रामलीला सेवा समिति के बैनर तले रावण दहन लीला का मंचन किया गया। जिसमें वानर व राक्षसों तथा रावण का लक्ष्मण तथा हनुमान जी से युद्ध का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद भगवान राम ने एक साथ 31 वाणों का संधान किया और अमृत सूखते ही रावण धराशाई हो गया।

खास समाचार

गाजीपुर जिले के न नन्दगज के श्रीगजं में सड़क पर पिकप ने धक्का मार दिया जिससे में बाइक सवार बहन की मौत, भाई घायल

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के नन्दगंज थाना क्षेत्र के श्रीगंज गांव के पास बुधवार की देर शाम तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से बाइक में धक्का मार दिया। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल का मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में उपचार चल रहा है।रामपुर माझा थाना क्षेत्र के खानकाह कला गांव निवासी मीरा देवी (45) बाइक से भाई सुनील संग मायके फतेउल्लाहपुर जा रही थीं। श्रीगंज दुर्गा मंदिर के पास बाइक में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे भाई-बहन बाइक से सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मायके और ससुराल पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए।इलाज के दौरान देर रात महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के भतीजे दीपक ने पिकअप चालक के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल/कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग।

महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक।

बेवजह घूमने वाले मनचलो/सोहदों की चेकिंग कर दी जा रही कड़ी चेतावनी।

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ह्यह्यमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत आज दिनांक 27.10.2023 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

भाभी ने देवर पर लगाया धोखाधड़ी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर के नादरगंज निवासी प्रीति यादव ने यहीं के बेहटवा निवासी अपने देवर हरनाम यादव के खिलाफ धोखाधड़ी कर गहने और प्लाट के दस्तावेज लेने का आरोप लगाया है। आरोप है कि मांगने पर आरोपी उसे और उसके पति को फर्जी मुकदमे में फंसने सहित जान से मारने की धमकी दे रहा है। प्रीति का कहना है कि उसके देवर हरनाम यादव ने आर्थिक लाभ के उद्देश्य से साजिश के तहत धोखाधड़ी कर उसके लाखों रुपए कीमत के गहने और प्लाट की रजिस्ट्री ले ली। अब वापस मांगने पर गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के साथ ही उसे और उसके पति को फर्जी मुकदमे में फसाने की भी धमकी देता है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज का जांच कर रही है।

विवाहिता ने ससुराल वालो के ऊपर दहेज उत्पीड़न की कराई रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ , बिजनौर के परवर पश्चिम निवासी शालिनी ने कानपुर के एलपीआईजी, चकेरी निवासी पति शिवम सिंह, सास और जेठ सोनू सिंह के खिलाफ बिजनौर थाने में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शालिनी का कहना है कि उसकी शादी 11 फरवरी 2022 को शिवम के साथ हुई थी। शालिनी के मुताबिक शादी के बाद करीब 2 माह वह अपनी सास के साथ कानपुर में रही। उसके बाद वहां पर उसका पति शिवम भी आ गया। बाद में पति और सास के अलावा उसका जेठ सोनू सिंह उससे उसके भाई का उन्नाव वाला घर अपने नाम कराने के साथ ही चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने मारपीट कर उसके गहने भी ले लिए और उसे उसके घर जाने को कहा। शालिनी का कहना है कि आरोपियों ने कहा कि जब गाड़ी और घर मुझे देना, तभी यहां आना। नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। तब से शालिनी अपने मायके में ही रह रही है। पीड़िता का कहना है कि उसका जेठ आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस मामले में बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थानान्तर्गत सफीपुर खंडवारी गांव निवासी राम जी तिवारी ने सोनू उर्फ मो. फरीद, अकबर खान, केके पटेल, हाशिम खान, जबील खान, अरशद उर्फ. अधिकारी व करीब आधा दर्जन अन्य लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामजी तिवारी के मुताबिक वह सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर में मौरंग सप्लाई का काम करता है। उसका कहना है कि बीती 25 अक्टूबर को सुबह करीब 9 बजे ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मौरंग मंडी में था। तभी सोनू उर्फ मो. फरीद, अकबर खान, केके पटेल, हासिम खान, जबील खान, अरशद उर्फ. अधिकारी सहित 5 -6 अन्य लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। तब रामजी तिवारी के दोस्तों ने किसी तरह उसे बचाया। लेकिन आरोप है कि गुरुवार सुबह 8 बजे जब वह फिर मंडी पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ फिर गाली गलौज और मारपीट की। इस दौरान एक ने उसके सिर पर डंडा मार दिया। जिससे वह बुरी तरह चोटिल हो गया। आरोप है कि बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए सभी वहां से भाग गए। फिलहाल पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का पता लग रही है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र योजनान्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्रो को जिस भी विभाग के पास उद्योग विभाग के द्वारा प्रेषित किया जाय वह विभाग प्राथमिता के आधार पर निस्तारण कर आख्या ससमय उपायुक्त उद्योग कार्यालय में भेज दिया जाय ताकि उद्यमियो को अनायाश इधर उधर भटकना न पड़े। इसी प्रकार उद्योग विभाग द्वारा संचालित पी0एम0ई0जी0पी0, एम0वाई0एस0 वाई0 तथा ओ0पी0डी0 कालीन/पीतल योजना की भी प्रगति की समीक्षा की गयी। जिसे प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करते हुये उद्यमियो को लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। ओ0डी0ओ0पी0 के अन्तर्गत मेसर्स के द्वारा सी0एफ0सी0 निर्माण ग्राम रामपुर वासितअली लालगंज मीरजापुर में कार्यदायी संस्था के द्वारा उ0प्र0 लघु उद्योग निगम लि0 के द्वारा कराया जाय है जिसमें जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि धनराशि नही है प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। जिलधिकारी ने औद्योगिक आस्थान पथरहिया में नियमित साफ सफाई कराने का निर्देश नगर पालिका के अधिकारियों को दिया गया। औद्योगिक आस्थान रामनगर सिकरी समीक्षा में बताया गया कि विद्युत बिल का पुराना भुगतान अधूरा होने के कारण लेने में कठिनाई हो रही हैं। जिस पर जिलाधकारी ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को विद्युत कनेक्शन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मसर्स शिवाला इण्डस्ट्री के समीक्षा में बताया गया कि पास में ही लगे ट्रांसफार्मर से धान की गाड़ियों को आने जाने में खतरा बना रहता है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश किया कि समस्या का समाधान करा दिया जाय। निवेश मित्र की समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल 2023 से 25 अक्टूबर 2023 तक कुल 1899 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें 1679 को स्वीकृत करते हुये 95 निरस्त, 38 में जांच लम्बित, विभाग स्तर 75 समयान्तर्गत लम्बित एवं 13 समय बाद लम्बित है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि सभी आवेदन पत्रो का समयान्तर्गत निस्तारण कराया जाय। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी पीतल के कार्य करने वाले श्रमिको को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होने सभी उद्यमियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप लोगो की जो भी समस्याए है उनसे हमे अवगत कराये और अपने सुझाव भी दे ताकि जो भी आपकी समस्याए है उनका निस्तारण कराया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी, एल0डी0एम0, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, विद्युत सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहें।

न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र - विकास खण्ड चोपन के अंतर्गत करगरा ग्राम पंचायत में न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। करगरा स्थित खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पटवध जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह गौड़ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व फीता काटकर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल-कूद जैसे आयोजन विद्यार्थियों के लिए अति आवश्यक है जिससे उनका शारीरिक, मानसिक विकास होता है। इसलिए बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित करने की आवश्यकता है।छात्राओं द्वारा आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, उच्ची कूद, कब्बड्डी, खो खो, डिस्कस थ्रो इत्यादि प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें बच्चे उत्साहित दिखे। सभी विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा अच्छे प्रदर्शन पर बच्चों को सुभकामनाएँ दी गई। इस मौके डॉक्टर सुरेंद्रनाथ मौर्य जिला संयोजक बीजेपी, युवा समाज सेवी संतकुमार, जितेंद्र पाठक इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

मेरा हो चुका है जीना मुझे ले चलो मदीना

अमन लेखनी समाचार

कछवां (मीरजापुर): आदर्श नगर पंचायत में स्थित पुलिस बूथ चौराहा के पास राजातालाब मार्ग पर हजरत बाबा रज्जब शहीद के आस्ताने पर गुरुवार की रात उर्स मुबारक के अवसर पर इंतजामिया उर्स कमेटी के जानीब से पूरी रात कव्वाली का शानदार मुकाबला हुआ। जिसमें जौनपुर के कव्वाल इम्तियाज वारसी ने अपने कव्वाली मुकाबले में मेरा हो चुका है जीना मुझे ले चलो मदीना पेश किया तो गया बिहार की कव्वालन मुस्कान अजमेरी ने मेरा नही नही बोले नबी नबी पेश किया पूरी रात एक हे बढ़कर एक कव्वाली का मुकाबला हुआ जहां श्रोताओं ने जमकर लुत्फ उठाया इसके पहले सुबह से ही रज्जब शाह बाबा के आस्ताने पर इबादत का सिलसिला शुरू हो चुका था। पूरे दिन लोगों ने चारदपोशी कर नजराने अकीदत पेश की पूरे दिन जियारत का दौर चला। मुबारक उर्स के मौके पर मेले में महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीददारी की। मालूम होग हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक बाबा रज्जब शाह के मजार पर इबादत के लिए सभी धर्मों के लोग आते हैं। और अपने भारत देश के अमन चैन और सलामती के लिए बाबा से दुआ मांगी। वही कव्वाली मंच का फीता काटकर अध्यक्ष मिताली ने शुभारंभ किया इस दौरान मैनुद्दीन, हरीनाथ सिंह, मोहसिन, जावेद आलम, अक्तर अली, परवेज आलम, राजन शेख समेत कस्बा चौकी प्रभारी धर्मराज सिंह मय फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

संसार की प्रत्येक नारी में आदिशक्ति का वासः डॉ. संदीप

अमन लेखनी समाचार

झांसी। मसीहागंज सीपरी बाजार अंबेडकर पार्क स्थित प्राइमरी स्कूल के पास नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में मां दुर्गा के विसर्जन पर झांसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष डॉक्टर संदीप सरावगी ने महाआरती कर मां को भाव भीनी विदाई दी। सर्वप्रथम नवदुर्गा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने डॉ० संदीप सरावगी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके पश्चात समिति के पदाधिकारी, सदस्यों एवं सैकड़ों लोगों की उपस्थित में डॉ० संदीप ने पंडाल में मां दुर्गा का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इसके पश्चात डॉ० संदीप ने मां दुर्गा की महाआरती की। साथ ही श्री राम माता सीता एवं हनुमान के स्वरूप में उपस्थित कलाकारों की डॉ० संदीप ने आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने डॉ० संदीप का तिलक कर मां की चुनरी उड़ाकर सम्मानित किया।

इसके पश्चात मां की विसर्जन यात्रा में भगवान गणेश श्री राम माता सीता, हनुमान, भगवान गणेश के स्वरूप में उपस्थित कलाकारों को रथ पर सवार कराकर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में यात्रा का शुभारंभ किया गया। विसर्जन यात्रा में डी०जे० की धार्मिक धुन पर सैकड़ो लोग भक्ति में झूमे। तो वहीं नगर के चौराहों पर लोगों द्वारा यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। अंत में डॉ० संदीप सरावगी सहित सैकड़ो लोगों ने मां को धारा में प्रवाहित कर विसर्जित किया। इस दौरान डॉ० संदीप ने मां दुर्गा से जगत कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी ने कहा कि सनातन धर्म में नारी को आदिशक्ति माना गया है, इस संसार का जन्म मां से हुआ है, जब-जब प्राणियों पर दानवों ने अत्याचार किया है तब तब मां ने कई स्वरूपों में अवतरित होकर दैत्यों का संहार किया। हमें सदैव ही नारियों का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि संसार की सभी नारियों में देवी का वास होता है। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से जिलाध्यक्ष अजय राय, बसंत गुप्ता, राजू सेन, संदीप नामदेव, धर्मेंद्र गुर्जर (प्रधान), महेश अग्रवाल (बल्ले) एवं नवदुर्गा उत्सव समिति से राजकुमार साहू, अज्जू मेहरोलिया, नीरज साहू, शिवदयाल अहिरवार, दीपेंद्र रिछारिया, अनूप करोसिया, सुनील जोशी, मनीष रिछारिया, निर्मल, कालू, होनेश शर्मा, नीतेश रिछारिया सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नम आंखों से किया गया मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

कछवां (मीरजापुर): आदर्श नगर पंचायत मे दशमी पूजन और भरत मिलाप के बाद स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को किया गया। पूजा पंडालों से गाजे बाजे ढोल ताला डीजे के साथ प्रतिमाओं को कछवां के गंगा स्थित दह में नम आखों से विसर्जित किया गया।कछवां में करीब आठ कमेटियों की और से मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना किया गया था। बुधवार को भरत मिलाप के बाद गुरूवार का दिन होने के कारण एक दिन के लिए विसर्जन को रोक दिया गया था।और शुक्रवार को विसर्जन किया गया देवी दुर्गा, देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी जी, को विधि पूर्वक विदाई का रस्म पूरा किया गया। इसके बाद ढोल तासा के धुन पर नगर का भ्रमण कर समिति के लोगो द्वारा नाचते हुए अबी गुलाल उड़ाते उल्लास से भरे रास्ते भर मां के जयकारे लगाते हुए देवी मां को अगले साल फिर आने का आग्रह किया गया। और हाथ जोड़कर पूजन अर्चन के दौरान जो गलती हो उसकी छमा मांगते हुए सिलसिलेवार मां की प्रतिमाओं को विसर्जित किया।इस दौरान पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद ब्यवस्था रही वही समितियों में नव युवक कल्याण समिति, शंकर कल्याण समिति, शंकरलाल बृजेश कुमार समिति, रायल क्लब समिति, जय मां दुर्गा क्लब, मिश्रा मार्केट दुर्गा पूजनोत्सव समिति आदि के सदस्य विसर्जन यात्रा में शामिल रहे। इस अवसर पर अजय उपाध्याय पूर्व नगर अध्यक्ष, व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद गुप्ता, सन्तोष रस्तोगी, प्रमोद रस्तोगी, अमरनाथ सिंह, अभिषेक उमर, शोले सोनकर, रामकुमार, अजय सेठ, सन्तोष, छेदी, विनोद, आदि मां दुर्गा भक्त मौजूद रहे।

पानी गर्म कर रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार

मृतक सूरज – फाइल फोटो

लखनऊ। सुबह नहाने के लिए बिजली हीटर से पानी गर्म कर रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के बाजार गांव निवासी सूरज (27) सुबह-सुबह नहाने के लिए बिजली हीटर से पानी गर्म कर रहा था। तभी पानी का भगोना उठाते समय भगोने में करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जब तक घर वाले बिजली काटते तब तक युवक बुरी तरह से झुलस गया था। जिसको तुरंत आनन फानन में स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मृतक के परिवार में मां और पत्नी मंजू है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक के शमीम खान ने बताया कि युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बीडीओ की अध्यक्षता में हुआ चौपाल का आयोजन

सकलडीहा, चंदौली। चलो चंदौली ग्राम चौपाल के क्रम में 2 ग्राम सभा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। शासन के निर्देश के क्रम में प्रत्येक शुक्रवार को 2 ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सकलडीहा ब्लाक के ग्राम पंचायत लेहरा और रेवसा मांटीगांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जहां इस चौपाल की अध्यक्षता कर रहे खण्ड विकास अधिकारी के.के.सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित करके जन चौपाल का शुभारंभ किया गया। जहां उपस्थित अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस चौपाल में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम्य विकास , पंचायती राज विभाग, आई सी डी एस विभाग, पशु पालन विभाग, एन आर एल एम विभाग , विधिक सेवा सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर अपने विभाग के योजनाओं के बारे मे जानकारी प्रदान की गई।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा को राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का जिले में भव्य आयोजन हुआ, आज राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल ने सर्किट हाउस सोनभद्र से झण्डी दिखाकर अमृत कलश यात्रा को लखनऊ के लिये रवाना किया। अमृत कलश यात्रा में नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल के युवा स्वयं सेवकों ने अमृत कलश लेकर जिला युवा कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में बस द्वारा प्रस्थान किया। अमृत कलश यात्रा के शुभारम्भ के अवसर पर सांसद राज्यसभा रामशकल, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, विधायक दुद्धी रामदुलार गौंड़, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चैबे, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार, भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक आदि ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अमृत कलश यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये राज्य मंत्री ने बताया कि जिले में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का ग्राम पंचायतों, विकास खण्डों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषद तथा जिला मुख्यालय में प्रशासन एवं विकास विभाग के सहयोग से सफल आयोजन सम्पन्न हुआ, जिले के माननीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर,2023 को अवध शिल्प ग्राम लखनऊ से मुख्यमंत्री जी कलश यात्रा को हरी झण्डी दिखाते हुए नई दिल्ली के लिए प्रस्तान करेंगें।

आयुष्मान कार्ड भारत सच मे गरीबों के लिए बन रहा वरदान

अब पालथी मार कर बैठ सकता है कूल्हा प्रत्यारोपण का मरीज

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अब कुल्हा प्रत्यारोपण का भी मरीज पालथी मारकर बैठ सकता है। सोनभद्र के लाइफ केयर हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के आदरणीय डा प्रमोद प्रजापति ने दो मरीजो का कुल्हा प्रत्यारोपण कर उन्हें नया जीवन दिया है। डा प्रजापति ने बताया कि विंढमगंज निवासी 25 वर्षीय दशरथ व जुगैल निवासी गंगाराम का ड्युअल मोबिलिटी अनसीमेंटेड कुल्हा प्रत्यारोपण किया गया। इससे मरीज अब पालथी मारकर भी बैठ जा रहा है। बताया कि दशरथ की कूल्हे की हड्डी टूट गयी थी। इसके बाद वह आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन कराने के लिए वाराणसी गया, लेकिन सफलता नही मिली। वह वाराणसी से वापस आया। इसके बाद वह लाइफ केयर हॉस्पिटल पहुँचा, जहा डॉ प्रजापति ने उनके कूल्हे का ड्युअल मोबीलिटी के माध्यम से पूर्ण कूल्हे का सफल ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से किया। इसी तरह उन्होंने गंगाराम का भी सफल ऑपरेशन किया, जिससे दोनों अब मरीज आसानी से पालथी मारकर बैठ रहे हैं।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



विशेषः सरदार पटेल जयंती, 31 अक्टूबर

आजाद भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी जब पढ़ते हैं तो उनसे जुड़े कई ऐसे प्रसंग मिलते हैं, जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है। वे बचपन से ही बहुत साहसी थे, अपने इरादों के प्रति अटल थे। उन्होंने आजादी के बाद बंटी रियासतों को जोड़कर भारत को मजबूत राष्ट्र बनाया। इस ऐतिहासिक कार्य के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

बचपन से ही साहसी थे सरदार पटेल

हमारे महापुरुष / अशोक जोशी

हर साल टैगोर विद्यालय अपने छात्रों को देश के ऐतिहासिक स्थलों की सैर पर ले जाता है। इस बार गुजरात के केवडिया जाकर देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल की विश्वविख्यात प्रतिमा के दर्शन करने का कार्यक्रम बना। तयशुदा दिन पर सभी छात्र स्कूल प्रांगण में इकट्ठा हो गए। देसाई सर ने सभी बच्चों की हाजिरी ली। उन्हें यह भी बताया कि उन्हें यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखना है, कोई भी छात्र अपनी मर्जी से इधर-उधर नहीं जाएगा। जब वह यह बता रहे थे तो दीपेश ने पूछा, 'सर, हमने सुना है कि सरदार पटेल की प्रतिमा विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है, क्या यह सच है?'

'तुमने ठीक सुना है। सरदार पटेल की प्रतिमा की ऊंचाई 182 मीटर यानी लगभग 600 फीट है, लेकिन तुममें से कोई बता सकता है, इस प्रतिमा को क्या नाम दिया गया है?' देसाई सर ने सवाल किया।

इस पर अधिकांश छात्रों ने हाथ खड़े कर दिए। देसाई सर ने राकेश से पूछा, 'तुम बताओ, इस प्रतिमा को क्या कहते हैं?'

'जी सर, स्टेचू ऑफ यूनिटी मतलब एकता की प्रतिमा।' राकेश ने जोश से जवाब दिया।

देसाई सर ने देखा कि जब राकेश जवाब दे रहा था, संजय असहज दिखाई दे रहा था। उन्होंने उससे पूछा, 'क्यों संजय! परेशान दिखाई दे रहे हो। तुम्हें क्या कोई परेशानी है?'

'जी सर, मैंने ट्रिप पर जाने के लिए कल नए जूते खरीदे थे। उनसे पैरों में छाले हो गए हैं, इससे तकलीफ हो रही है।' संजय ने लगभग कराहते हुए बताया।

देसाई सर ने संजय को पास बुलाकर देखा तो मामूली-सा छाला था। वह बोले, 'बस इतने छोटे से छाले से ही घबरा गए। क्या तुम्हें पता है सरदार पटेल को बचपन में एक बहुत बड़ा फोड़ा हो गया था। फिर भी उन्होंने बड़े साहस का परिचय दिया था।'

'हमें नहीं पता सर, आप पूरी कहानी सुनाइए ना।' सभी छात्र जिज्ञासा से बोले। '31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद के किसान परिवार में जन्मे वल्लभ भाई, जिन्हें हम सरदार पटेल कहते हैं, बचपन से ही बहुत साहसी, वीर थे। उनकी वीरता का पहला किस्सा तब का है, जब उन्हें एक बार बचपन में फोड़ा हो गया था। माता-पिता ने उस फोड़े का खूब इलाज करवाया, लेकिन वह ठीक ही नहीं हो रहा था। एक वैद्यजी ने सलाह दी कि अगर लोहे की गर्म सलाख से इस फोड़े को दाग दिया जाए तो इसके कीटाणु जलकर मर जाएंगे और फोड़े के कारण गल चुकी त्वचा भी जल जाएगी। ऐसा करने से फोड़ा ठीक हो जाएगा। यह सुनकर वल्लभ भाई के माता-पिता कांप गए।

अब सवाल यह था कि बालक वल्लभ को गर्म सलाख से दागे कौन? फोड़ा तो ठीक होना जरूरी था। माता-पिता की तो हिम्मत ही नहीं थी। ऐसा करने से वैद्यजी भी घबरा रहे थे। तब बालक वल्लभ ने खुद ही गर्म सलाख अपने हाथ में ली और फोड़े वाली जगह पर दाग दिया। इससे फोड़ा फूट गया। वैद्यजी के बताए अनुसार कुछ ही दिनों में ठीक भी हो गया।' देसाई सर ने बताया।

'यह सुनकर बच्चों ने जोरदार तालियां बजाईं और एक साथ नारा लगाया, 'सरदार पटेल अमर रहें!'

'बच्चों, सरदार पटेल के बचपन की एक और घटना तुम्हें बताता हूं, जिससे पता चलेगा कि वह अपने निर्णय के कितने पक्के थे। क्या तुम उस घटना को सुनना चाहोगे?' देसाई सर ने पूछा।

'हां सर, जरूर सुनाइए।' बच्चों ने देसाई सर को उत्साह से घेर लिया। उन्होंने बताना शुरू किया, 'एक बार की बात है। बचपन में वल्लभ भाई अपने गांव के कुछ विद्यार्थियों के साथ मिलकर रोजाना छह-सात मील दूर दूसरे गांव पढ़ने जाते थे। एक दिन जाते-जाते अचानक विद्यार्थियों ने देखा कि वल्लभ भाई पीछे रह गए हैं। ढूंढ़ने पर देखा तो वह रास्ते में ही पीछे रुके हुए थे। उन्हें रुका देखकर एक विद्यार्थी ने आवाज लगाई, 'तुम वहां क्या कर रहे हो?'

किशोर उम्र में वल्लभ भाई पटेल

वल्लभ भाई ने वहीं से उत्तर दिया, 'ठहरो, मैं अभी आता हूं।' यह कहकर उन्होंने जमीन में गड़े एक खूंटे को पकड़ा, जोर से हिलाया, उखाड़ा और एक ओर फेंक दिया। इसके बाद वह अपनी टोली में आ मिले। एक साथी ने पूछा, 'तुमने वह खूंटा क्यों उखाड़ा? इसे तो किसी ने खेत की सीमा दिखाने के लिए गाड़ा था।' इस पर वल्लभ ने जवाब दिया, 'लेकिन वह बीच रास्ते में गड़ा हुआ था। चलने में रुकावट डालता था। जो खूंटा रास्ते की रुकावट बने, उस खूंटे को उखाड़ फेंकना चाहिए। बच्चों, इसी सोच के साथ सरदार पटेल ने अंग्रेजों को देश से उखाड़ फेंकने का काम किया था।'

'सर, वाकई लौह पुरुष थे हमारे सरदार पटेल।' पारितोष बोला। देसाई सर ने अपनी बात जारी रखी, उन्होंने आगे बताया, 'बच्चों, स्वतंत्रता संग्राम से लेकर मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवावस्था में ही राष्ट्र और समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करने का निर्णय लिया था। अंग्रेज जाते-जाते अपनी कुटिल चाल चल गए थे और साढ़े पांच सौ से ज्यादा देशी रियासतों को अपने भविष्य के निर्णय का अधिकार दे गए थे। अंग्रेज दिखाना चाहते थे कि भारत अपने को एक नहीं रख सकेगा। देश के सामने आजाद होने के तत्काल बाद इतनी रियासतों को एक रखने की चुनौती थी। सरदार पटेल ने बड़ी समझदारी और कुशलता से एकीकरण की राह में आने वाली सभी रुकावटों को दूर किया। उन्होंने सैकड़ों छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके अखंड भारत का निर्माण किया। भारत माता के इसी सपूत को हम केवडिया जाकर अपनी श्रद्धांजलि देंगे।'

'लो, बस भी आ गई।' सभी बच्चों ने एक साथ कहा और कतार लगाकर बस में बैठने के लिए धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगे। *

स्टेचू ऑफ यूनिटी

कविता

राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव

सूरज की किरणें आईं

सूरज की किरणें आईं,
संग उजाला भी लाईं।
फैली सूरज की लाली,
दुबकी कहीं रात काली।
भोर हुई पंछी जागे,
गाय-बैल चरने भागे।
चाय सुड़कते दादाजी,
दादी काट रहीं भाजी।

वाहन दौड़ें सड़कों पर,
हुर-हुर पीं-पीं पों-पों कर।
मां कहती बिस्तर छोड़ो,
अब आलस से मुंह मोड़ो।
त्यागो यह आलस त्यागो,
जागे सब, तुम भी जागो।

जीके क्विज-77

1. 37वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. हाल ही में मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
4. रेलगाड़ी को रोकने के लिए किस रंग की झंडी का इस्तेमाल किया जाता है?
5. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
6. हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 में सबसे अमीर आदमी किसे चुना गया है?
7. खट्टे फलों में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
8. पानी में ऑक्सीजन के अलावा कौन-सा तत्व पाया जाता है?
9. विश्व के सबसे छोटे महाद्वीप का क्या नाम है?
10. सबसे पहले कंप्यूटर का क्या नाम था?

बच्चों, जीके क्विज-77 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

जीके क्विज-76 का उत्तर : 1-नरेंद्र मोदी स्टेडियम-गुजरात, 2-बेंजामिन नेतन्याहू, 3-साहित्य, 4-संजीवनी बूटी, 5-बांगलादेश, 6-थल सेना, वायुसेना, नौसेना, 7-शुक्र ग्रह, 8-हीरा, 9-दिल्ली, 10-कार्बन डाईऑक्साइड

जीके क्विज-76 का सही उत्तर देने वाले : पूजा-रायपुर, मोहित-बिलासपुर, जितेंद्र-भोपाल, लोकेश-जबलपुर, नीरज-दिल्ली, पंकज-रोहतक, विवेक-महेंद्रगढ़, कविता-बालोद, हेमा-सोनीपत, उषा-रायपुर, धर्मेंद्र-रोहतक

कहानी

नीलम राकेश

उस दिन बाबा जी ने बिट्टू की एक गलत आदत पर उसे डांट दिया, लेकिन वह डांटकर दु:खी भी हो गए। अपनी बातें उन्होंने बिट्टू की बहन रिंकी और उसकी मम्मी से शेयर कीं। ये बातें अपने कमरे में बैठे बिट्टू ने सुन लीं। बाबा जी की बातों का जो असर उस पर हुआ, वह चौंकाने वाला था।

बिट्टू और बाबा जी



बाबा जी धम्म से बरामदे में रखी कुर्सी पर जाकर बैठ गए। बिट्टू की बहन रिंकी ध्यान से सब देख रही थी। उसने पूछा, 'क्या हुआ बाबा जी? आप ऐसे बुझे हुए क्यों लग रहे हैं?'

बाबा जी दुःखी स्वर में बोले, 'क्या करूं बेटा, सारे किए धरे पर पानी फिर गया।'

'ऐसे क्यों बोल रहे हैं?' रिंकी चिंता में बाबा जी के करीब आ गई। 'बिट्टू की हरकत तो ढाक के तीन पात जैसी है।' बाबा जी बोले। 'अरे बाबा जी, आप ठीक से बताइए ना, क्या हुआ? और ये बिट्टू है कहां?' रिंकी इधर-उधर बिट्टू को देखते हुए बोली।

बाबा जी ने बताया, 'अपने कमरे में बैठा रो रहा है।' 'रो रहा है! लेकिन क्यों?' रिंकी आश्चर्य से बोली। 'डांट कर आया हूं ना मैं, बहुत जोर से डांटा है।' बाबा जी आहिस्ता से बोले।

'ह..ह..हा!' रिंकी खिलखिला कर हंस दी।

बाबा जी ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा। किसी तरह अपनी हंसी रोकते हुए रिंकी बोली, 'आप और डांट! कौन विश्वास करेगा?'

'क्यों क्या मैं डांट नहीं सकता?' बाबा जी थोड़ा कड़क होकर बोले।

'आप कभी किसी को डांटते भी हैं?' रिंकी बोली। 'लेकिन आज मैंने बिट्टू को बहुत डांटा है। मैं बच्चों को डांटने के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन बच्चे गलत आदतें न छोड़ें और ढाक के तीन पात ही बने रहें तो उनके हित में उन्हें डांटना ही पड़ेगा।' बाबा जी गंभीर स्वर में बोले।

'यह बात तो आपने बिल्कुल सही कही बाबू जी।' बिट्टू और रिंकी की मम्मी भी अपना काम निपटा कर बरामदे में आ गई थीं।

'हूं...।' बाबा जी ने सहमति में सिर हिलाया।

'मेरी डांट का तो उस पर कोई असर ही नहीं होता है। चलिए कम से कम आप से तो डरेगा।' मम्मी एक उम्मीद के साथ बोलीं।

'बहू, मैंने उसे डराने के लिए नहीं डांटा। मैं डराना चाहता भी नहीं। केवल उसे समझाना चाहता हूं कि वह कितनी बड़ी गलती कर रहा है।' बाबा जी ने अपनी बात कही।

'बिट्टू ने क्या गलती करी है बाबा जी?' रिंकी ने जानना चाहा।

'इतने दिनों से समझा-बुझा कर उसे मोबाइल के गेम से दूर रखा था। आज इतवार का दिन था। सुबह से अभी तक सिर्फ मोबाइल पर गेम खेल रहा था। अपनी और उसकी सारी एक महीने की मेहनत पर पानी पड़ता देख मुझे बहुत बुरा लगा। ऐसा लगा जैसे उसके साथ-साथ मैं भी मोबाइल से हार गया हूं।' बहुत उदास शब्दों में बाबा जी ने पूरी बात बताई। बरामदे में हो रही बातें बिट्टू अपने कमरे में सुन रहा था। अपने प्यारे बाबा जी को इस तरह टूटता वह नहीं देख सकता था। रिंकी या मम्मी कुछ बोलतीं, उससे पहले ही बिट्टू वहां आ गया और बोला, 'नहीं बाबा जी, न आप मोबाइल से हारे हैं, न मैं मोबाइल से हारूंगा। मुझे अपनी गलती समझ में आ गई। मैं आपसे वादा करता हूं, आइंदा कभी भी यह गलती दोबारा नहीं होगी।'

'मतलब ढाक के तीन पात वाला मुहावरा अब तुम पर लागू नहीं होगा?' खुश होते हुए बाबा जी ने पूछा। 'नहीं, कभी नहीं।' कहता हुआ बिट्टू बाबा जी के गले में झूल गया। *

जानकारी / नयनतारा

इसलिए होती है पृथ्वी कुछ जगह गर्म कुछ जगह ठंडी

बच्चों, जब हम पृथ्वी पर कुछ जगह गर्म या ठंडी होने की बात करते हैं, तो हम क्लाइमेट यानी जलवायु की बात कर रहे होते हैं। सामान्य तौर पर जलवायु सूरज की गर्मी से निर्धारित होती है। सूर्य की गर्मी ही जमीन, समुद्रों और वातावरण को गर्म करती है, वातावरण में नमी खींचती है, जिससे बारिश संभव होती है। सूरज की गर्मी ही हवा के दबाव में अंतर लाती है, जिससे हवाएं चलती हैं। सूरज की गर्मी और हवाएं मिलकर समुद्र में लहरें पैदा करती हैं।

बच्चों, पृथ्वी की सतह अंडाकार है। सूर्य के गर्म करने का प्रभाव भूमध्य रेखा पर सबसे अधिक होता है और ध्रुवीय क्षेत्रों पर सबसे कम। क्योंकि भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणें पृथ्वी पर लंबवत रूप में पड़ती हैं, जबकि ध्रुवीय क्षेत्र के ऊपर और नीचे ये किरणें आड़ी या एक कोण पर पड़ती हैं। यानी उन क्षेत्रों में सूर्य की किरणें भूमध्य रेखा क्षेत्र की तुलना में कम पड़ती हैं। इसलिए पृथ्वी के जो क्षेत्र भूमध्य रेखा से अधिक दूर हैं, वे सबसे कम गर्म रहते हैं।

बच्चों, अभी तक हमने सोलर क्लाइमेट की बात की, यानी वह जलवायु जो सूर्य की गर्मी पर निर्भर है। कुछ अन्य तत्व भी होते हैं, जो भौतिक जलवायु को तय करते हैं यानी पृथ्वी पर पाई जाने वाली वास्तविक जलवायु। इनमें महत्वपूर्ण तत्व हैं पानी, जमीन और ऊंचाई। ये सभी मिलकर एक अलग जलवायु बना देते हैं। इसलिए भूमध्य रेखा का क्षेत्र पृथ्वी पर सबसे गर्म होने के बावजूद किसी समय कोई जगह स्वयं भूमध्य रेखा से भी अधिक गर्म हो सकती है। इस तरह पृथ्वी कुछ जगह गर्म रहती है और कुछ जगह ठंडी। *

रंग भरो-136

रंग भरो-136 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

अवनि, रायपुर

रॉय, महेंद्रगढ़

देवांश, रायपुर

आयुषी, जांजगीर

सौम्या, बालोद

रेयांश, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

उत्प्रेक्षा-राजनांदगांव, सुयश-बिलासपुर, खुशी-दिल्ली, गरिमा-रायपुर, पूनम-रायपुर, दिनेश-बिलासपुर, जितेंद्र-जबलपुर, गुनगुन-भिलाई, अखिलेश-सोनीपत, उदित-रायपुर, हरीश-दिल्ली, आशु-दुर्ग, पवन-जांजगीर, चंचल-दिल्ली

रंग भरो 137

बच्चों, यहां पर एक प्यारी-सी बिल्ली का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे प्यारे रंगों से रंगकर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां एक रोबोट के चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन 6 परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो रोबोट के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो जरा।